

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-276 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जवान ने सर्विस रायफल से खुद को मारी गोली

**कोंडागांव,4 जनवरी।** बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही हैं। यहाँ नक्सल मोर्चे पर तैनात एक अर्धसैनिक बल के जवान ने खुद के सर्विस रायफल से आत्महत्या की नियत से गोली मार ली हैं। घायल जवान को आनन-फानन में अस्पताल दाखिल कराया गया हैं जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही हैं। आत्महत्या का प्रयास करने वाला जवान छत्तीसगढ़ आर्म्स फ़ोर्स यानि सीएएफ का बताया जा रहा हैं जो कि कोंडागांव के कुधूर कैंप में पदस्थ था। साथी जवानों ने जब फायरिंग की आवाज सुनी तो सभी बैरक की तरफ पहुंचे। यहाँ घायल जवान लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। जवान ने किन वजहों से यह आत्मघाती कदम उठाया हैं यह मालूम नहीं चल सका हैं। बहरहाल उच्च अधिकारी इस मामले की जाँच में जुट गए हैं।

### जेजेएम का कार्य अधूरा, 3 ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त

**जशपुर,4 जनवरी।** जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर नहीं करने पर बगीचा, कांसाबेल और फरसाबहार के तीन ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है. जिला कलेक्टर की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जशपुर से मिली जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में आबंटित कार्य को प्रारंभ और पूर्ण नहीं करने के लिए संबंधित ठेकेदारों को बार-बार सूचित करने के बाद भी काम पूरा नहीं करने पर जल जीवन मिशन की 19 दिसम्बर 2023 को बैठक ली गई. इसके बाद 3 ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है. इनमें बगीचा विकाखखण्ड के ठेकेदार मेसर्स अंजनी कुमार सिंह की ओर से 3 साल से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है. इसी प्रकार फरसाबहार के ठेकेदार मेसर्स उदय कंस्ट्रक्शन की ओर से 2 साल से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया और कांसाबेल के ठेकेदार मेसर्स एजाइल वर्क्स प्रा.लि. की ओर से भी 1 साल 1 महीने से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है.

### आंध्र में हाई स्कूल के छात्र शराब पीते पकड़े गए

**विशाखापत्तनम ,04 जनवरी ।** आंध्र प्रदेश में एक सरकारी हाई स्कूल के छात्रों का शराब पीते हुए वीडियो सामने आया है। कथित तौर पर 6ठी, 7वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों का एक समूह नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने छात्रावास से भाग गया। यह घटना 31 दिसंबर की रात को अनाकापल्ले जिले के चोदावरम शहर में हुई, लेकिन वीडियो तीन दिन बाद सामने आया। वीडियो में लड़कों को अपने सामने बीयर की बोतलें रखकर भोजन का आनंद लेते देखा जा सकता है। उनमें से कुछ को वीडियो फिल्माने वाले व्यक्ति को चेतावनी देते हुए सुना जा सकता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब 16 छात्र हॉस्टल की दीवार फांदकर बाहर निकल गए।

उनके साथ दो बाहरी लोग भी शामिल थे। किशोर छात्रों का समूह एक निर्माणाधीन इमारत में इकट्ठा हुआ, जहां उन्होंने बिरयानी खाई और शराब का सेवन किया। जब लड़कों ने उत्पात मचाया तो दो राहगीरों ने अपने मोबाइल फोन से उनका वीडियो बना लिया। छात्रों ने कथित तौर पर उनमें से एक पर हमला किया और उसे घायल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू की।

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़

**श्रीनगर ,4 जनवरी ।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के हदीगाम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, कुलगाम जिले के हदीगाम इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। कुलगाम पुलिस, सेना और सीआरपीएफ काम पर हैं।

## पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

### पीएम के पिता के नाम पर की थी टिप्पणी

**नई दिल्ली,4 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि माफ करें, हम इच्छुक नहीं हैं। पिछले साल 17 अगस्त को उच्च न्यायालय ने खेड़ा की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले के जांच अधिकारी द्वारा एकत्र किए गए सबूतों का मूल्यांकन मामले को रद्द करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत दायर याचिका में नहीं किया जा सकता है। पिछले साल 20 मार्च को, शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए असम और उत्तर प्रदेश में खेरा के खिलाफ दर्ज तीन एफआईआर को जोड़ दिया था।



उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाते हुए मामले को लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया था। इस मामले में लखनऊ कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कथित टिप्पणी के लिए खेड़ा ने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी है।



## फ्लाईओवर का फॉल सीलिंग गिरा

**दुर्ग,4 जनवरी।** जिले में नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर के नीचे लगा एल्युमिनियम शीट का फॉल सीलिंग गिर गया. एक के बाद एक भारी तीन सीट धाराशाही हो गए. इससे नीचे रोड पर मलबा जाम हो गया है. हालांकि इससे बड़ा हादसा होने से टल गया. घटना नेशनल हाईवे 53 में भिलाई के नेहरू नगर चौक के पास हुई. मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक की ठोकर से फ्लाईओवर के नीचे लगा एल्युमिनियम सीट गिर गया. इसकी जानकारी मिलने पर यातायात पुलिस पहुंची और उन्होंने नगर निगम को इसकी सूचना दी. इसके बाद मौके पर निगम की टीम मलबा उठाने पहुंची. इस घटना से नेशनल हाइवे पर बड़ा हादसा हो सकता था.बताया जा रहा है कि, निगम के 'मोर शहर, मोर जिम्मेदारी' योजना के तहत निगम के निर्देश पर बिल्डर अजय चौहान ने निर्माण कराया था. चंद्रा मौर्या चौक और नेहरू नगर चौक के फ्लाईओवर के नीचे रिनोवेशन कराया था. नेहरू नगर चौक से चार रास्ते जाते हैं. रोज हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरती है.

## जॉर्ज सोरोस की वित्त पोषित रिपोर्ट के प्रभाव को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली,4 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने भारत-विरोधी जॉर्ज सोरोस से जुड़े संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) की एक रिपोर्ट को अप्रामाणिक करार दिया, जिस पर मीडिया ने अदानी समूह की कंपनियों द्वारा स्टॉक हेरफेर के हिंडनबर्ग रिसर्च के दावे को विश्वसनीयता देने के लिए भरोसा किया था। शॉर्ट-सेलर के आरोपों की जांच करने में सेबी की विफलता। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने अपने मामले पूरी तरह से जांच रिपोर्टिंग में शामिल तीसरे पक्ष के संगठन ओसीसीआरपी की रिपोर्ट से निकाले गए निष्कर्षों पर रखे हैं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने दावों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। 24 नवंबर को जब सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और सेबी की दलीलों की सुनवाई पूरी की, तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को सूचित किया था कि सेबी ने जांच के उद्देश्य से अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए ओसीसीआरपी को लिखा था। फैसला लिखते हुए, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी विशेष नियामक द्वारा व्यापक जांच पर सवाल उठाने के लिए तीसरे पक्ष के संगठनों द्वारा समाचार पत्रों के लेखों या रिपोर्टों पर निर्भरता आत्मविश्वास को प्रेरित नहीं करती है। 'स्वतंत्र' समूहों द्वारा की गई ऐसी रिपोर्टें या समाचार पत्रों द्वारा खोजी अंशों की तरह कार्य कर सकते हैं। सेबी या विशेषज्ञ समिति के समक्ष इनपुट। हालाँकि, उन्हें सेबी द्वारा जांच की अपर्याप्तता के निर्णायक सबूत के रूप में भरोसा नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता यह दावा नहीं कर सकते कि समाचार पत्रों में एक अप्रमाणित रिपोर्ट को एक वैधानिक नियामक की जांच पर विश्वसनीयता होनी चाहिए, जिसकी जांच को ठोस सामग्री या सबूत के आधार पर संदेह में नहीं डाला गया है।

## छग की अदालतों में मास्क जरूरी

**रायपुर,4 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए हाईकोर्ट और लोअर कोर्ट में कोरोना की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश जारी कर हाईकोर्ट और जिला अदालतों में मास्क पहनकर आने के साथ ही सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग जैसी गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने प्रदेश में बढ़ते कोरोना केस पर चिंता जताई है। राज्य शासन के एहतियात बरतने और हाई लेवल मीटिंग के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया है। उनके निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने एक आदेश जारी किया है। रजिस्ट्रार जनरल ने सभी अदालतों को आदेशित किया है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाईकोर्ट और जिला न्यायपालिका के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों सहित अन्य को सलाह दी जाती है कि वे मास्क, सैनिटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग जैसी गाइडलाइन का पालन करें। साथ ही कोरोना नियंत्रण के सभी दिशा-निर्देशों पर अमल करने के लिए कहा गया है।

## अयोध्या में वीवीआईपी के लिए बनेगा स्पेशल कॉरिडोर

**अयोध्या,4 जनवरी।** श्रीरामनगरी अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी जोरों-शोरों से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में वीवीआईपी शामिल होंगे। उनकी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आयोजन के दिन वीवीआइपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्पेशल कॉरिडोर बनाया जाएगा।

यह कॉरिडोर अयोध्या एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन समेत अयोध्या के प्रमुख क्षेत्रों को वीवीआइपी मूवमेंट के दौरान आपस में जोड़ेगा। मंडलायुक्त ने बताया कि करीब आठ हजार आमंत्रित आगंतुकों की आवभगत की तैयारियों का रोड मैप बन रहा है। संत समाज के करीब पांच हजार लोग इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए हैं।

## 'मुसलमानों में राम मंदिर का विरोध नहीं' : अंसारी

**लखनऊ,4 जनवरी।** अयोध्या भूमि विवाद मामले के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने कहा है कि हिंदू और मुसलमानों के बीच विवाद खत्म हो गया है और देश में 'सबका साथ, सबका विकास' होना चाहिए। इकबाल अंसारी ने कहा कि जहां तक राम मंदिर और बाबरी मस्जिद विवाद का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है जिसके बाद निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पूरे देश के मुसलमानों ने इसका स्वागत किया। कोई विरोध प्रदर्शन या कुछ भी नहीं हुआ... यह आस्था का मामला है और यह अच्छा है कि मंदिर का निर्माण हो रहा है।



बाबरी मस्जिद के पक्षकार ने कहा कि मुसलमानों को इससे कोई विरोध नहीं है। अयोध्या आस्था की भूमि है। यहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मेहमानों, पीएम मोदी और सीएम योगी का स्वागत है। हिंदू और मुसलमानों के बीच विवाद खत्म हो गया है। कुछ लोग कुछ बयान दे रहे हैं लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। देश में 'सबका साथ, सबका विकास' होना चाहिए। एक सदी से भी अधिक पुराने इस विवाद का निस्तारण करते हुए, शीर्ष अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसले में अयोध्या में विवादित स्थल पर एक न्यास द्वारा राम मंदिर के निर्माण का फैसला दिया और मुस्लिम पक्ष को मस्जिद के लिए पांच एकड़ भूमि आवंटित करने को कहा। इससे पहले जह मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या गए थे तब जब उनका का काफिला जब राम पथ से गुजरा तब साधु-संतों के साथ-साथ कई आम लोगों ने पुष्पवर्षा की जिनमें अंसारी भी शामिल थे। अंसारी ने कहा, ''ये हमारी परंपरा है। हम अपने शहर में आने वाले मेहमानों का स्वागत करते हैं।'' अंसारी का साधारण घर राम पथ के पास कोटिया पंजीटोला में स्थित है। मुख्य दरवाजे के बाहर दीवार पर एक पुराना हरे रंग का बोर्ड लगा हुआ है, जिस पर उनका उल्लेख 'मुद्दई बाबरी मस्जिद' के रूप में किया गया है। उन्होंने कहा, ''मैं वहां उस सड़क के मोड़ पर खड़ा था जो हमारे पड़ोस की ओर जाती है, और जैसे ही उनका (प्रधानमंत्री का) काफिला गुजरा, मैंने शहर में उनका स्वागत करने के लिए फूल की पंखुड़ियों की वर्षा की।''

## चोरी के आरोप से क्रोधित युवक ने किया परिवार पर जानलेवा हमला

**कोरबा,4 जनवरी।** जिले से परिवार में मोबाइल को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है. बालको थाना अंतर्गत गढकटरा बाघमारा गांव में मोबाइल को लेकर हुई पूछताछ के बाद भतीजे ने डंडे से हमला कर अपने चाचा समेत परिवार के तीन लोगों को बुरी तरह से जख्मी कर दिया. वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. मामले की सूचना पर पुलिस को दी गई, जिसके बाद डायल 112 की मदद से पीड़ितों को कोरबा के मेडिकल कॉलेज लाया गया. जहां ट्रामा सेंटर में सभी का उपचार चल रहा है. जानकारी के अनुसार, घायल शनि सिंह उम्र 19 वर्ष का कुछ दिन पहले घर से मोबाइल चोरी हो गया था. उसे लगा कि मोबाइल का बैटरी खत्म हो गया होगा और कहीं मोबाइल पड़ा होगा, जिसे वह कुछ दिनों तक ढूंढता रहा लेकिन मोबाइल का पता नहीं चल सका. उसके बाद जब पता चला कि उसका भतीजा कार्तिक सिंह मोबाइल को चोरी कर लिया है और उसका सिम बदलकर चल रहा है. इसकी जानकारी गांव में ही रहने वाले दोस्तों ने शनि सिंह को दी.उसके बाद चाचा ने जब अपने भतीजे से पूछताछ की गई तो उसने सीधे उसके ऊपर डंडे से हमला कर दिया जिसके बाद उसका चाचा नीचे गिर गया. उसके बाद भी कार्तिक उसे पर डंडे से हमला करता रहा. इस दौरान बीच बचाव करने उसके परिजन आए तो उनकी भी आरोपी भतीजे ने जमकर पिटाई कर दी. जिससे तीनों घायल हो गए. मारपीट करने वाला परिवार गांव से ऊपर ढाई किलोमीटर दूर पहाड़ पर निवास करता है. इस मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही 112 मौके पर पहुंची. जहां हिमाचल सिंह आरक्षक और चालक संदीप रात्रि उन्हें ढाई किलोमीटर ऊपर पहाड़ पर चढ़ कर कंधे के सहारे नीचे उतारे और अस्पताल के लिए लेकर रवाना हुए. मारपीट में शनि के सिर पर चोट आई है. उसकी बड़ी मां 70 वर्षीय फूल बाई बड़े और पापा 75 वर्षीय बीर सिंह को गंभीर चोटें आई है. घटना में सभी घायलों का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है. पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार्तिक सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया है.



### एम्स के डायरेक्टर ऑफिस में आग

**नई दिल्ली ,4 जनवरी ।** दिल्ली एम्स में गुरुवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एम्स के डायरेक्टर ऑफिस में भीषण आग लग गई। एम्स डायरेक्टर दफ्तर में आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद आनन-फानन में दमकल की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जो आग पर काबू पाने में जुटी हैं। आग लगने की घटना से हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हालांकि जानकारी के मुताबिक इस घटना में कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ है।

## ममता से हमने तो भीख नहीं मांगी: चौधरी

**कोलकाता,4 जनवरी।** 28 विपक्षी दलों की गठबंधन इंडिया में खींचतान कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इंडिया गठबंधन में लोकसभा सीट बंटवारे को लेकर तकरार साफ तौर पर दिखाई दे रही है। सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के समक्ष दो सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद से कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी पर हमलावर हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी ने सीधे तौर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि ममता बनर्जी गठबंधन चाहते ही नहीं वह तो नरेंद्र मोदी की सेवा में लगी हुई है।

आपको बता दें कि इंडिया गठबंधन में न सिर्फ पश्चिम बंगाल बल्कि बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली जैसे राज्यों में भी सीट बंटवारे को लेकर तकरार देखने को मिल रहा है। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पता नहीं किसने ममता से भीख मांगी है। हमने तो ममता बनर्जी से कोई भीख नहीं मांगी है। ममता खुद ही कह रही हैं कि वह गठबंधन चाहती है। हमें ममता की कोई जरूरत नहीं है। हम अपने दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी गठबंधन नहीं चाहती है वह तो मोदी की सेवा में लगी हुई है।

गौरतलब है कि गठबंधन की शुरुआती दौर में ममता बनर्जी ने कहा था कि जिन राज्यों में जो पार्टी ज्यादा मजबूत है, उसे वहां चुनाव के दौरान आगे रहने दिया जाना चाहिए। वह अपने इस बयान के जरिए कांग्रेस को साफ संदेश देना चाहती थीं क्योंकि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पूरी तरीके से मजबूत है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में 42 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन उसे सिर्फ दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी। सबसे पुरानी पार्टी को 5.67 प्रतिशत ही वोट मिल पाए थे। यही कारण है कि ममता बनर्जी पूरी तरीके से कांग्रेस को राज्य में बहुत ज्यादा सीट देने के पक्ष में नहीं है।

हालांकि ममता बनर्जी ने 19 दिसंबर को हुए इंडिया एलाइंस की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया ब्लॉक का पीएम फेस बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था जिसे अरविंद केजरीवाल ने भी समर्थन दिया। हालांकि खड़गे ने इस प्रस्ताव पर कहा कि हमें पीएम नहीं बल्कि एमपी के बारे में सोचना चाहिए। अगर एमपी जीत कर आएंगे। तभी हम में से कोई पीएम बन सकता है। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि मल्लिकार्जुन खड़गे दलित समुदाय से आते हैं।

### खेलों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए खेल न्यूज डॉट इन की महत्वपूर्ण भूमिका

jasclaudius@gmail.com

## आइये, खेल गतिविधियों के प्रचार-प्रसार की लें शपथ

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद जीवन का अंग है। आधुनिक युग में इसका महत्व और बढ़ गया है। भारत ही नहीं देश-विदेश के विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत लोगों को अपना कार्य प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए चुस्त-दुरुस्त रहना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में खेलकूद के विभिन्न इवेंट की जानकारी लाभप्रद होती है। स्वयं को फिट बनाए रखने के लिए खेलों की जानकारी का अपना महत्व है। इन दिनों मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम की भूमिका सबसे उपयोगी है। प्रत्येक व्यक्ति की चाहत अपने-अपने व्यवसाय क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रम या प्रसारण से होता है। इसमें व्यक्ति विशेष की पसंद फिल्म, व्यापार-व्यवसाय, खेलकूद, कृषि, उद्योग, निर्माण विज्ञान, कला आदि कुछ भी हो सकता है। मनोरंजन और शारीरिक बनावट की दृष्टि से खेलकूद का जीवन में विशिष्ट स्थान है। अब प्रश्न उठता है कि व्यस्तता भरे जीवन में मनोरंजन व खेलकूद को किस तरह स्थान दिया जाए। समय के बदलाव के साथ-साथ चलते फिरते, मोबाइल या ऐसे ही इलेक्ट्रानिक मशीन व्यक्ति के सबसे अच्छे दोस्त बन गये हैं। दूसरी तरफ खेलों की दुनिया भी बहुत विशाल है। विश्वभर में हजारों खेल स्पर्धा होती है। परंतु हम अगर अपने देश-प्रदेश की बात करें तो ग्रीष्म व शीतकालीन ओलंपिक खेलों में करीब 40 जबकि अन्य खेलों को मिलाकर करीब 60-70 खेलों को भारत सरकार व राज्यों के द्वारा अधिकृत रूप से मान्यता दी गई है। आज की परिस्थिति में खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त खेल स्पर्धाओं में से कुछ को चुनकर अपना बनाना पड़ता है। इसके लिए जरूरी है साल भर की अलग-अलग खेल आयोजन की जानकारी प्राप्त करना फिर उनके परिणामों को जानना। इस दिशा में भारत के कुछ प्रदेशों में बहुत पहले कोशिश की गई होगी। लेकिन छत्तीसगढ़ में खेलकूद को बढ़ावा देने की दृष्टि से राज्य बनने के 23 वर्षों पश्चात पिछले दो वर्षों से प्रारंभ की गई है। पत्रकार विवेक राय ने छत्तीसगढ़ की मीडिया में एक अत्यंत शानदार कोशिश आरंभ की है। वे सोशल मीडिया में डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटखेलन्यूजडाटइन नामक वेबसाइट का संचालन कर रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की लगभग सभी खेलों की गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है। हमारे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों के साथ अभिभाावक की उत्सुक रहते हैं कि उनकी संतान किसी न किसी खेल में भाग ले। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में विभिन्न की सबजूनियर, जूनियर, सीनियर प्रतिभाओं की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। फिर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लुप्तप्राय, स्थानीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस तरह खेलकूद को भारत के गांव-गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है परंतु प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया की अपनी मजबूरी की वजह से खेल गतिविधियों का प्रचार-प्रसार नहीं हो पाता। यह बात निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि पत्रकार विवेक राय और उनके सहयोगियों ने बिना किसी भेदभाव/पक्षपात के पिछले दो वर्ष में छत्तीसगढ़ में आयोजित खेल गतिविधियों को पूरी ईमानदारी के साथ एक ही मंच पर लाया है। ऐसे खेल से लगाव रखने वाले समर्पित खेल पत्रकारों और सहयोगियों की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। वह दिन दूर नहीं जब विवेक राय और उनकी टीम के प्रयास से छत्तीसगढ़ में सभी मान्यता प्राप्त खेलों के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी मिल सकेंगे। इसमें स्थानीय पत्रकारों, शासन के जनसंपर्क अधिकारी, भारतीय ओलंपिक संघ तथा राज्य ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों और आयोजनकर्ताओं का सहयोग भी महत्वपूर्ण होगा।

### संस्कृति मंत्री बृजमोहन ने ली समीक्षा बैठक

## राजिम में मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने के निर्देश

**रायपुर,4 जनवरी।** धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को मंत्रालय में विभाग की समीक्षा बैठक ली. जिसमें उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने बैठक में राजिम कुंभ मेला आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही अधिकारियों को त्रिवेणी संगम राजिम में मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. इसके अलावा बैठक में सिरपुर को वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल कराने के सार्थक प्रयास करने पर जोर दिया गया. श्रीराम वनगमन पथ के लिए योजना बनाने और प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या लेकर जाने की आईआरसीटीसी के साथ मिलकर कार्ययोजना जल्द बनाने के भी निर्देश दिए गए.



मंत्री बृजमोहन ने सोशल मीडिया एक्स पर बैठक के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने लिखा कि मंत्रालय में धर्मस्व-संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक ली. इस बैठक में राजिम कुंभ मेला आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और त्रिवेणी संगम राजिम में मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. इस दौरान सिरपुर को वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल कराने के सार्थक प्रयास करने पर जोर दिया.

## एक नजर

### नशामुक्ति अभियान जैसे जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता

**कवर्धा, 4 जनवरी।** शाम होते ही शराब दुकानों में भीड़ का दिखना इस बात को प्रतीत करता है की शराब पीने की आदत लोगो में ज्यादा है । जिला प्रशासन को गांवो और शहरों में नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रम करना जिससे शराब पीने वाले कम से कम शराब पिए और प्रतिदिन शराब पीने की आदत छूटे तो बच्चो का बेहतर भविष्य भी बने। महिलाए भी दबी जुबान से कहती है बहुत खराब लगता है हर दिन पति या भाई शराब पीते है । सिगरेट पीना और गुटखा खाने की गंदी आदत स्कूली बच्चों में देखी जा रही है । पान दुकान या निजी राशन दुकानों में भी बीड़ी , गुटखा आसानी से मिल जाती है जो की चिंता जनक है । जन प्रतिनिधियों , समाज सेवी संस्थाओं को भी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे की भविष्य सभी का सुरक्षित और सुंदर हो।

### तपन को पकड़ने कई टीमें बनाई गई



**भिलाई, 4 जनवरी।** भिलाई महादेव महार हत्या कांड का आरोपी और गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है गैंगस्टर को पकड़ने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमे बनाई है इसके महादेव महार हत्या कांड का आरोपी है तपन अलावा उसके ग्रुप के लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में तपन सरकार भिलाई-दुर्ग घूमते भी देखा गया था तपन के केस पार्टनरों की भी पुलिस तलाश में जुट गई है खुर्सीपार में मार्च 2023 में हुए शुभम राजपूत हत्याकांड में गैंगस्टर तपन सरकार का हाथ होने की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद उसके सिकोला भाठा के मकान में दबिश दिया था। जहां पुलिस ने मकान को खंगाला लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। मृतक शुभम तपन सरकार के लिए वसूली का काम करता था पुलिस को गैंगस्टर तपन की जानकारी मिलने के बाद हरकत में आते हुए उसकी गिरफ्तारी को लेकर टीम जुटी हुई है केस पार्टनर भी रडार में गैंगस्टर तपन सरकार के केस पार्टनर भी अब पुलिस के रडार में आ गए है। पुलिस उनकी लिस्ट तैयार कर रही है। बहुत जल्द ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान शुरु होने वाला है। तपन और उसके ग्रुप से जुड़े लोगों को संरक्षण दे रहा है। उन पर भी शिकंजा कसा जाना है। पुलिस के कमर कसने के बाद गैंगस्टर के सारे गुर्गे भागे आठो फिर रहे है लेकिन दुर्ग पुलिस इन अपराधियों को नहीं छोड़ने वाली है। इनके हर चाल पर पुलिस की नजर लगी हुई है। ये अपराधी कहां जा रहे है किससे मुलाकात कर रहें एक-एक हरकत पुलिस की नजर में कैद हो रहा है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि टीम बनाई गई है गैंगस्टर को। पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। है। हर संभावित क्षेत्रों में पुलिस दबिश दे रही है तपन 1 से जुड़े लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। टीम में साइबर टीम अलग से काम कर रही है जल्द बड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

### महिला से मोबाइल लूटने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जनवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र राह चलती महिलाओं का मोबाइल छीनकर भागने वाले झपट्टामार गिरोह के एक सदस्य कोछावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है उससे पुलिस ने मोबाइल, नगद रकम बरामद की है आरोपित से झपट्टामार गिरोह के और सदस्यों के बारे में पूछताछ की जा रही है 26 दिसंबर को प्रार्थिया खुर्सीपार निवासी प्रियंका शाह ने छावनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 दिसंबर की रात तकरीबन पौने दस बजे अपने काम से वापस घर जा रही थी इसी दौरान पावर हाउस में मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात युवक तेजी से आए और झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर भाग निकले। मोबाइल के पेटीएम से नौ हजार नौ सौ रुपये निकाल भी लिए छावनी पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धारा 356, 379 प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आस-पास के आवागमन के रास्तों पर लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज की सूक्ष्मता से जांच की एनएस पल्सर मोटर साइकिल सवार दो संदिग्ध युवकों की पहचान हुई। पुलिस ने पेटीएम से रकम निकासी के संबंध में तकनीकी साक्ष्य जुटाकर आरोपितों का पता लगाने मुखबिर भी लगाए मुखबिर से पता चला कि राजीव नगर जामुल निवासी रवि चौधरी नाम का व्यक्ति नंदनी रोड पर चोरी का मोबाइल बेचने के लिए मोबाइल दुकान में संपर्क में कर रहा है सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर रवि चौधरी को पकड़ा पूछताछ में रवि ने बताया कि करन कुमार राजभर के साथ पावर हाउस में एक महिला से मोबाइल छीनकर भागे थे। पेटीएम से नौ हजार 90 रुपये. निकालना स्वीकार किया पुलिस ने आरोपित रवि की निशानदेही पर छीना गया मोबाइल, नगदी रकम छह हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एनएस पलसर (सीजी 07 एनके 5774) बरामद कर जब्त की गई पुलिस फरार आरोपित करन कुमार राजभर की तलाश कर रही है।

# हम मिलकर एक समृद्ध , खुशहाल और विकसित पंडरिया बनायेंगे:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 4 जनवरी।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा आभार एवं स्वागत रैली कार्यक्रम में विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में जनता के बीच पहुंची जहाँ क्षेत्र की जनता ने अपनी जनप्रिय विधायक भावना बोहरा का पूरे जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान ग्राम सिंघनगढ़, गैंदपुर,बाजार चारभाठा एवं धरमगढ़ में आयोजित आभार एवं स्वागत कार्यक्रम में भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए संबोधित किया और चुनाव में समर्थन देते हुए अबतक हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही ग्राम जंगलपुर, मोहगांव, खैरबना एवं गगरिया खम्हरिया में भी आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान भावना बोहरा ने विभिन्न ग्रामों में जनता की सुविधा व प्रमुख मांग को देखते हुए विभिन्न विकास कार्यों व अधोसंरचना निर्माण हेतु घोषणाएं भी की।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि भावना दीदी की गारंटी को पूरा करना मेरा संकल्प ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। पंडरिया विधानसभा की समृद्धि, खुशहाली, विकास एवं आप सभी की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए मैंने जो भी वादें किये हैं वह जल्द ही जमीनी स्तर पर पूरे होते हुए आपको देखने मिलेगा और हमने इसके लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। भय,भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार को समाप्त करने से लेकर पण्डरिया विधानसभा में कानून व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए हमने अपने प्रयास शुरू कर दिए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिल रहा होगा।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। भाजपा ने मोदी जी की गारंटी में जो वादा किया था उसे तत्काल प्रभाव से पूरा किया है चाहे वो सुशासन दिवस पर दो वर्ष का बकाया धान बोनस देने की बात हो या 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी करने की हो। 18 लाख नए आवास बनाने के अपने वादों को भी छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही तत्काल मंजूरी दी गई। यह सभी भाजपा की विकास नीति और मोदी की गारंटी से ही हुआ है और आने वाले पांच वर्षों में भी भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे किये हैं वो भी शत-प्रतिशत पूरे होंगे। भावना बोहरा ने कहा कि हमने आप सभी क्षेत्रवासियों की सेवा,सुविधा को देखते हुए पूरे पंडरिया विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र स्थापना करने का जो संकल्प किया है वह जल्द ही आप सभी की सेवा में समर्पित होगा। इसकी स्थापना से आप सभी को अपनी छोटी-बड़ी हर समस्या के निवारण के लिए जिला मुख्यालय अथवा दूर-दराज सरकारी दफ्तरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आप सभी के समय व पैसों की बचत होने के साथ ही समस्याओं का त्वरित निवारण भी होगा। बेटियों की शिक्षा, सुविधा के साथ-साथ आप सभी के बेहतर स्वास्थ्य एवं आपातकालीन समय में त्वरित सहायता के साथ-साथ पंडरिया के सर्वांगीण विकास हेतु मैं कृतसंकल्पित हूँ। आप सभी ने मुझपर जो विश्वास जताया है उस विश्वास के प्रति मैं अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्पित हूँ और निरंतर अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करुँगी। मुझे पूर्ण विश्वास है की मेरे इन प्रयासों में आप सभी मेरे परिवारजनों का भी भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन मुझे मिलेगा और हम मिलकर एक समृद्ध,खुशहाल और विकसित पण्डरिया बनाएंगे।

# गुरु घासीदास के उपदेश को जीवन में उतारना चाहिए:भट्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 4 जनवरी।** सतनाम पंथ के संस्थापक एवं मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज को जगाने वाले संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती समारोह विकास खण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुम्हि एवं ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री में बड़े धूमधाम से मनाया गया । उपरोक्त जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट उपस्थित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती उत्तरा देवी सभापति जनपद पंचायत पंडरिया, श्री नंदलाल चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत पंडरिया, सेवाराम कुर्रे अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत पंडरिया ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री तुलस कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हि, मनोज कुमार जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री उपस्थित रहे । उक्त अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने कहा कि जब समाज में बिखराव का वातावरण था और लोग जात पात, ऊंचनीच और छुआ-छूत के बंधन में जकड़े हुए थे तब बाबा जी ने इन कुप्रथाओं को दूर कर मनखे-मनखे एक समान का दिया और समाज को एक नई दिशा प्रदान कर आपसी भाईचारे के साथ समरसता पूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी ,हम सभी को बाबा जी के बताए हुए उपदेश को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही अपने तथा अपने परिवार की उन्नति कर सकता है ।इस मौके पर आयोजित सभा को उपस्थित अतिथियों ने भी सम्बोधित कर बाबा जी के जीवन चरित्र का बखान किये । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व श्री रामाधार जांगड़े पुर्व सरपंच, लीलवा चंद्राकर उप सरपंच, मोहरू टंडन भंडारी, सुरेश चंद्राकर, घनश्याम जांगड़े, दौलत राम बंजारे, रामचंद्र चंद्रवंशी, गणेश सोलंकी, विद्यानंद चंद्रवंशी, राजकुमार कश्यप, पुरान चंद्रवंशी,राजू श्रीवास, ईश्वर चंद्राकर आदि सहित समाज के वरिष्ठ जन व क्षेत्र के ग्रामवासी गण भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

# 6 जनवरी को सीएम,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित दिग्गज नेता रहेंगे दुर्ग में



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित करने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया है।

बुधवार को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में संभाग बैठक आयोजित कर कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के मार्गदर्शन में चर्चा हुई। बैठक में संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने बताया कि आगामी 6 जनवरी शनिवार को दुर्ग में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह होगा, इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आगमन होगा। 06 जनवरी के बाद दुर्ग संभाग की सभी 20 सीटों में संपन्न विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक आहूत करनी है। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधित करने के काम में तेजी लाने और राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व घर घर जनता से संपर्क के साथ 22 जनवरी का दिन हर्षोल्लास से मनाने की कार्ययोजना बनी। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से सभी मोर्चों की विधानसभा स्तरीय सम्मेलन और नव मतदाता सम्मेलन करने का भी निर्देश दिया गया।

### 126 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास



भिलाई, 4 जनवरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर निगम भिलाई क्षेत्र के छावनी में आयोजित शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के 126 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर निर्मित मकानों का आवंटन किया गया। स्वयं के मकान का सपना पूरा होने से हितग्राहियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किए। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में शिविर स्थल पर उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये थे

# खुर्सीपार के विभिन्न वार्डों में विधायक ने जनता का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जनवरी।** विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बारी-बारी से अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मिल रहे हैं। हर वार्ड में जाकर बारी-बारी से अपने मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है। सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में 3 जनवरी को विधायक श्री यादव वार्ड 38, वार्ड 49, वार्ड 47, वार्ड 48, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण वार्ड, वार्ड 43 बापू नगर गार्डन में पहुंचे। खुर्सीपार क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करने के बाद सेक्टर एरिया के वार्डों में भी गए। सेक्टर 2, वार्ड 52 सेक्टर 4, वार्ड 58 सेक्टर 4, सेक्टर 8, सेक्टर 6 के तीनों वार्ड वार्ड 61,62, 63 और हुडकों व सेक्टर 7 भी गए। जहां वार्ड के नागरिकों के घर-घर जाकर विधायक लोगों से मिले। विधायक को देखकर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। वार्ड में पहुंचते ही वार्ड के नागरिकों ने सबसे पहले विधायक यादव का स्वागत किया। पुष्प माला पहनाएं और फूलो की वर्षा की। इसके बाद वार्ड की माताओं और बहनों ने अपने विधायक की आरती उतार कर तिलक लगाया। जीत के बाद अपने क्षेत्र के विधायक को देखकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल था। लोग विधायक के साथ फोटो खिंचाते रहे। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगों ने मुझे पर जो विश्वास जताया है। जो प्रेम और आशीर्वाद मुझे दिया है। इसके लिए मैं हमेशा आप सभी का आभारी रहूंगा। आप सभी के विश्वास ने ही मैं आज यहां आप सब के सामने खड़ा हूं। दोबारा आप सभी मुझे जनता की सेवा करने का जो सौभाग्य प्रदान किया है। इस जिम्मेदारी को मैं पूरी इमानदारी और निष्ठा से निभाउंगा। हमेशा से मैं आप सभी के बीच और आप लोगों का सेवक रहा हू और आगे भी सेवक रहूंगा।

### आज होने वाली नीलामी की प्रक्रिया निरस्त

**भिलाई, 4 जनवरी।** नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी ज्ञापन क्रमांक 1781, दिनांक 23.12.2023 द्वारा क्षेत्र के विभिन्न योजना के भूखंडों/भवनों की दिनांक 04 जनवरी 2024 एवं 05 जनवरी 2024 को होने वाली नीलामी की प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

# निदेशक प्रभारी ने संयंत्र के कुछ विभागों का किया भ्रमण



भिलाई, 4 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने, कार्यपालक निदेशकों सहित 02 जनवरी 2024 को भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इसी तारतम्य में 3 जनवरी को कुछ विभागों का भ्रमण किया, जिसमें अग्निशमन सेवा विभाग, परियोजना विभाग, नगर सेवाएं विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग सम्मिलित है। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने, विभागों के श्रमिकों, कार्मिकों व अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और सुरक्षा नियमों एवं मानदंडों का पालन करते हुए, उनसे सुरक्षित रूप से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने शून्य दुर्घटना के साथ उत्पादन के आगामी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। संयंत्र भ्रमण के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता के साथ, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात बिरादरी के सदस्यों से मुलाकात की और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। अग्निशमन सेवा विभाग में अनिर्बान दासगुप्ता ने सुरक्षित अग्नि निवारण पर बल देते हुए कहा, कि संयंत्र में अग्नि दुर्घटना में लोगों की जान बचाते हुए, कृपया आप स्वयं की सुरक्षा का भी ध्यान रखें, जो बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आवश्यक सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें, जिससे आप अधिक से अधिक टेक्नोलॉजी ओरिएंटेड तरीके से कार्य कर पाएंगे। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य आग लगने की घटना को ही रोकना होना चाहिए। इसके लिए निवारण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कंपनी को फायरप्रूफ बनाये। कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा ने कहा की आग लगने की घटना, कारण आदि को ही हम नियंत्रित करें और निरंतर उसकी समीक्षा करें। इससे हम लगभग 40 प्रतिशत घटना को नियंत्रित कर सकते हैं, साथ ही कंपनी के जन और धन दोनों की हानि को भी कम कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी के महापात्रा ने संयंत्र भ्रमण करने वाली टीम का अपने कर्मचारियों के साथ स्वागत किया। परियोजना विभाग में अनिर्बान दासगुप्ता ने श्रमिकों के सुरक्षित कार्य के साथ सभी परियोजनाओं को पूरा करने एवं आगामी लक्ष्यों को हासिल करने हेतु विभाग का उत्साह वर्धन किया और लगातार तीन सालों से सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्हें बधाई दी। अंजनी कुमार ने कहा कि सुरक्षित कार्य सुनिश्चित करें अन्यथा इसके उल्लंघन करने वाले पर पेनाल्टी लगाई जायेगी।

# भिलाई-चरोदा के विकासं पर गंभीरता से दिया जायेगा ध्यान:कोर्सेवाड़ा




**भिलाई, 4 जनवरी।** विधानसभा निर्वाचन पश्चात अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में दूसरी बार निर्वाचित राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा का भिलाई-चरोदा निगम कार्यालय में बुधवार 3 जनवरी को स्वागत किया गया। अगवानी करने पहुंचे बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता के साथ भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर तथा निगम में नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने प्रवेश द्वार पर फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक कोर्सेवाड़ा का स्वागत किया। इसके उपरांत सभागार में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का स्वागत-सम्मान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें पक्ष एवं विपक्ष के सभी पार्षदों द्वारा माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर कोर्सेवाड़ा का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर ने विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के सहज और सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उनके सहयोगात्मक व्यवहार के विषय में सभी उपस्थित जनों को अवगत कराया। महापौर निर्मल कोसरे ने अपने उद्बोधन में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के समक्ष निगम भिलाई-चरोदा द्वारा विकास कार्यों के भेजे गए प्रस्तावों की जानकारी रखते हुए उन्हें शीघ्रता पूर्वक पूर्ण कराने का आग्रह किया। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो स्नेह और सम्मान मुझे इस स्वागत कार्यक्रम में दिया उसके लिए मैं हृदय से आप सभी को धन्यवाद देता हूं साथ ही भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के विकास संबंधी जो भी प्रस्ताव मेरे समक्ष आएंगे उनकी पूर्णता हेतु सदैव प्रयास करने का आप सबको विश्वास दिलाता हूं। कार्यक्रम के दौरान कोर्सेवाड़ा ने कहा कि मुझे यह ज्ञात है कि आज हम जिस कार्यालय में उपस्थित हैं वह वस्तुतः मंगल भवन है। भिलाई-चरोदा निगम कार्यालय के लिए नये भवन के प्रस्ताव तैयार करने उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम को निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने भी संबोधित किया तथा आज के कार्यक्रम में सभी वार्ड पार्षद एवं बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शौर्य संगठन के 14 वें स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 4 जनवरी।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व बी एजुकेटेड मूवमेंट यूएसए से सम्बंधित शौर्य युवा संगठन कोड़िया ने 14वां स्थापना दिवस मनाया।शौर्य संगठन के मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह स्वच्छता अभियान, शाम को 1100 दीयों की गंगा महाआरती की गई एवं छग की सुप्रसिद्ध 6 सगी बहनों की एकता बालिका मानस सिन्हा परिवार द्वारा रात्रिकालीन मानस एवं भजन के माध्यम से संगठन का वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा सत्र 2022-23 में समाज के लिए 6 क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को शौर्य ग्राम गौरव सम्मान का तीसरा संस्करण भी आयोजित किया गया जिसमें स्वच्छता व स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व कुरीति उन्मूलन, शिक्षा, खेल व व्यायाम, सांस्कृतिक व कला एवं सोशल मीडिया व अन्य विशेष उपलब्धि के क्षेत्र शामिल थे ।इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एनवाईके दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, दुर्ग जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, आशीर्वाद ब्लड बैंक डायरेक्टर विकास जायसवाल, कोडिया हाई स्कूल पूर्व प्राचार्य अनिल गुप्ता, निर्मल फ्यूल्स हनोदा संचालक के रविकिरण, समाजसेवी प्रेमचंद सोनबेर, सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, जेपी दीपक, उमेश साहू, मलेश निषाद, गोवर्धन दीपक, खुमान सिंह भारद्वाज, दिनेश दीपक, सीएल चंद्राकर, मोहन निषाद सहित ग्रामीण गणमान्य विशेष रुप से उपस्थित थे ।शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के 13 सालों के प्रमुख कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शौर्य संगठन शुरुआत से ही समाज के अंतिम वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने का उद्देश्य लेकर कार्य कर रही है। ग्रामीणों व अन्य सहयोगियों के मार्गदर्शन से शिक्षा व रोजगार क्षेत्र पर केंद्रित होकर समाज के अन्य क्षेत्रों पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, संस्कृति व खेल सहित सभी क्षेत्रों पर कार्य कर रहे हैं। इन कार्यों के कारण दो बार राज्यपाल से सम्मान सहित चार बार राज्यस्तरीय पुरस्कार व राज्य का सर्वक्षेष्ठ युवा मंडल का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ विभिन्न संगठनों, संस्थाओं एवं विभागों के माध्यम से अनेक सम्मान मिला है। अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने संगठन की उपलब्धियों के लिए संगठन के सदस्यों के साथ सभी ग्रामीणों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा शौर्य संगठन सकारात्मक सोच एवं उद्देश्य के साथ बेहतर कार्य कर रही है। आधुनिकता एवं पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावशील दौर में भी वे युवाओं के साथ पूरे समाज को सही दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।कृषि सभापति राकेश हिरवानी, जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, समाज सेवी विकास जायसवाल सहित सभी अतिथियों ने संगठन के स्थापना दिवस की बधाई एवं कार्यों की तारीफ़ करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने किया।

## एक नजर

### हारुन मानिकपुरी ने की हसदेव जंगल को बचाने की अपील

**छूरिया,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने हसदेव जंगल को बचाने छत्तीसगढ़ सरकार से अपील करते हुए कहा



कि हसदेव जंगल को काटने से पर्यावरण, प्रकृति, आदिवासी एवं दैनिक वेतन भोगियों के हितों को भारी नुक़सान होने की संभावना है। पेड़ों को काटने से मानव जीवन, जीव-जंतु, वनस्पति, उपजाऊ भूमि, भूमि की कटाव रोकने में भारी नुक़सान उठाना पड़ेगा। बताया जाता है कि हसदेव जंगल लगभग पौने दो लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है एवं अभी तक एक सौ पैंसठ हेक्टेयर भूमि से पेड़ काटे जा चुके हैं। वन्य जीवों में खासकर हाथी रिजर्व क्षेत्र को, वहीं लगभग दस हजार आदिवासियों एवं पांच सौ श्रमिकों को जो दैनिक वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों को सीधा नुक़सान उठाना पड़ेगा।

### लेनदारी अथवा देनदारी हो तो 31 जनवरी तक दावा आमंत्रित

**राजनांदगांव ,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 70 के तहत छुरिया विकासखंड के 15 समितियों को परिसमापन में लाया गया है। समिति के स्थिति विवरण पत्रक के अनुसार सभी लेनदारी एवं देनदारी का निपटान किया जाएगा। किसी भी सदस्य अथवा आम नागरिक को समिति से लेनदारी अथवा देनदारी हो तो 31 जनवरी 2024 तक कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव कलेक्टोरेट बिल्डिंग प्रथम तल कमरा नंबर 100 में दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समिति का दस्तावेज व सम्पत्ति इत्यादि हो तो तत्काल परिसमापक कौ सौंपे या कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। परिसमापन में लायी गयी समितियों की सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।



डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली के खैरागढ़ डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग में अछोली नाला के पास बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 08‚ञ्ञ 3129 मुर्गियों से भरा था जो की खैरागढ़ की ओर से डोंगरगढ़ जा रहा था,पलट गया।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ न हो कोई समझौता:अरुण साव

**रायपुर,4 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**



उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने आज अपने प्रभार वाले लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तीनों विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभागीय कामकाज के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की श्रेष्ठ गुणवत्ता पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो। उन्होंने सभी कार्यों को अनिवार्यत~ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, सचिव श्री आलोक कटियार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज तंबोली भी बैठक में उपस्थित थे। श्री साव ने तीनों विभागों की दक्षता बढ़ाने, तेजी से काम पूरा करने, कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीनों विभागों को अच्छा काम करना है और जनमानस में इन विभागों की अच्छी छवि बनाना है। उन्होंने काम का पुराना तौर-तरीका बदलते हुए निर्माण और मरम्मत के कार्यों में नई तकनीकों का उपयोग करने को कहा। श्री साव ने खाली पदों पर भर्ती के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने तीनों विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तीनों विभागों के लिए आगामी बजट की तैयारियों की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग की बैठक में कहा कि गड्ढों वाली सड़कों की तत्काल मरम्मत कराएं। अगले एक से दो महीनों में सभी सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक और वाहनों के लोड के हिसाब से सड़कों का निर्माण कराएं। सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। अच्छी गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कें बनवाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के सुझाव पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी मूल्यांकन की व्यवस्था तैयार करने को कहा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने का काम पूर्ण होते ही सड़कों की यथास्थिति बहाल करने को कहा, ताकि नागरिकों को आवाजाही में परेशानी न हो। उन्होंने विभाग के डिवीजन स्तर के कार्यालयों को और अधिक सक्रियता दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने काम के अनुरूप संसाधन बढ़ाने को कहा। उन्होंने आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता को देखते हुए नए हैंडपंप की स्थापना और मरम्मत के लिए आगामी जून माह तक की जरूरत के मुताबिक स्पेयर-पाट्र्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री साव ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की बैठक में अधोसंरचना संबंधी कार्यों और नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्मार्ट सिटी परियोजना, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की जानकारी दी। श्री साव ने विभाग में प्रशासनिक सुधार के साथ ही शहरों के लिए योजना बनाकर चरणबद्ध ढंग से काम करने को कहा। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री ने उद्यानों को व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखने को कहा। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ समिति बनाकर उद्यानों के बेहतर रखरखाव का सुझाव दिया। उन्होंने खाली पड़े सामुदायिक भवनों का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी और जिम के रूप में भी इनका उपयोग किया जा सकता है। श्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता, मॉनिटरिंग और समय-सीमा का ध्यान रखने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक डॉ. सारांश मित्तर, संयुक्त सचिव श्री पी.एस. ध्रुव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के.के. पिपरी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता श्री एम.एल. अग्रवाल और सूडा (स्छ) के सीईओ श्री सौमिल रंजन चौबे भी बैठक में मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त होने पर सहायक राजस्व निरीक्षक भुवन मरकाम को निगम में दी गई विदाई

**राजनांदगांव ,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित बिदाई समारोह में सहायक राजस्व निरीक्षक श्री भुवन मरकाम को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, महापौर परिषद



के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा, प्र.कार्यालय श्री अशोक चौबे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री भुवन मरकाम को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्त एक स्वभाविक प्रक्रिया है, जिसमें सेवाकाल के पश्चात निर्धारित अवधी में अपने कर्तव्य से सेवानिवृत्त होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने सेवाकाल में जीवन का अधिकांश समय नौकरी में बिताता है, मैं श्री मरकाम के आगामी बेहतर जीवन की शुभकामनाएं देता हूँ, कि वे अपने परिवार के साथ हसी खुशी जीवन व्यतीत करे। लम्बे समय तक कुशलतापूर्वक सेवा देने के पश्चात आज शासकीय जीवन से सेवानिवृत्त हो रहे है, आगे भी निगम परिवार सदैव उनके साथ है, इस अवसर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 24 अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन का समापन

**राजनांदगांव ,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** सर लुई ब्रेल की 216वी जयंती के अवसर पर संस्कार श्रद्धांजलि द्वारा आयोजित 24वें अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन का समापन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में माहेश्वरी भवन में 4जनवरी को दोपहर तीन बजे होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पदमश्री डॉ पुखराज बाफना के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ट आयकर सलाहकार कमल किशोर साहू की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि व्यंकेश्वर राव व व्याख्याता डी एल देवांगन की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर डॉ बाफना ने कहा कि आप मात्र दिव्यांग जन नही,दिव्य जन हैं।आप



चर्म चक्षुओं से नहीं,मर्म चक्षुओं से दुनिया देखते है।इसे अभिशाप नहीं,अपने जीवन का वरदान बना लीजिए।आपने अपने बाल्य अवस्था पर अनेक ऐसे कौशल और हुनर हासिल किए है,जो आम आदमी नही कर सकता।अपने आप को श्रेष्ठ मानिए,विजेता जानिए,ईश्वर का कृपा पात्र मानिए,और हर दिन को नया दिन,नया जन्म मानिए।मैं संस्कार श्रद्धांजलि संस्था के इस पुण्य कार्य के लिए सभी सदस्यों को साधुवाद देता हूं और सभी दिव्य जनों के लिए नए वर्ष की मंगल कामना करता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री साहू ने ब्रेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप ब्रेल लिपि द्वारा अपने ज्ञान स्तर को आगे बढ़ाए खूब मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करे। इस दोरान उदयाचल नेत्र चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र की टीम द्वारा उपस्थित दृष्टि बाधित लोगो की आंखों की स्नैकिंग कर सम्पूर्ण जांच की व उन्हे मार्गदर्शन दिया। शिवा पब्लिक स्कूल भिलाई द्वारा उपस्थित एक एक बच्चे से अलग से मिलकर उनकी काउंसलिंग करके उनके रुचि अनुसार एग्जाम तैयारी हेतु टिप्स दिए गए। कार्यक्रम का संचालन रूपम सोनक्षत्रा व प्राची ठक्कर ने किया। संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की कल प्रातः साढ़े दस बजे लुई ब्रेल की स्मृति में नगर में एक रैली निकाली जायेगी। दो दिन से जारी विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं को एवं समाज के लिए रचनात्मक कार्यों में जुटे पांच शख्शियत को 4जनवरी के दोपहर तीन बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर दृष्टिबाधित विकास संघ के राजेंद्र बेहरा ऋषि मिश्रा दिवाकर बाचपेयी विजय भट्टड़ नरेन्द्र तायवाड़े राजेश सोनी शैलेश गुप्ता सुधा साहू सहित प्रदेश भर से आए दृष्टिहीन भाई बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के गलत निर्णयों ने जनता को महंगाई और अराजकता की ओर धकेला : राहुल तिवारी

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**छूरिया,4 जनवरी।** मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन पर आपत्ति के चलते देश में ठप्प रही परिवहन व्यवस्था से चिंताजनक हालात निर्मित हुए और इसने साबित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनकल्याण और वास्तविकत मुद्दों से दूर है। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार देश में



आपातकाल जैसी स्थितियां निर्मित करने के लिए जिम्मेदार है। केंद्र सरकार के गलत निर्णयों ने देश की बड़ी आबादी को महंगाई और अराजकता की ओर धकेला है। जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी के मुताबिक - नए कानून से ड्राइवर हतोत्साहित हो गए हैं। हालांकि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट असोसिएशन ने हड़ताल वापस ले ली है लेकिन चालकों में अब भी अविश्वास की स्थिति है। कई जगहों पर चालक अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंघ अब भी अपनी विभिन्न मांगों के लिए हड़ताल पर डटा हुआ है। मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन पर विरोध के बाद गृह मंत्रालय ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट असोसिएशन को आश्वस्त किया है कि उनसे चर्चा के बाद ही एक्ट लागू किया जाएगा। सवाल है कि, सरकार ने पहले ऐसा क्यूं नहीं किया। आखिर उन्हें अपने कदम पीछे खींचने ही पड़े हैं, लेकिन इससे जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई किस तरह होगी इसका जवाब कौन देगा। तिवारी ने कहा कि - इससे पहले मोदी सरकार तीन कृषि कानून लेकर आई थी जिसके विरोध देशभर के किसानों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और हजारों को इसमें अपनी आहुति देनी पड़ी तब जाकर सरकार ने वो कानून वापस ले लिया। एक बार फिर वैसी ही परिस्थितियां सरकार ने निर्मित कर दी। सवाल है कि, क्यूं मोदी सरकार हमेशा आहुतियां लेने पर तुली हुई है और ये सिलसिला कब तक चलने वाला है।

## नरेंद्र सोनी ने सांसद से रेल और सड़क निर्माण की मांग की

**खैरागढ़ ,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।-** राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे के जन्मदिवस पर उनके छुईखदान गंडई प्रवास पर युवा नेता नरेंद्र सोनी ने छुईखदान स्थानीय रेस्ट हाऊस में मिलकर सांसद को बधाई दी और साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास के लिए रजेगांव एमपी से रायपुर नेशनल हाईवे निर्माण तथा डोंगरगढ़ खैरागढ़ कटघोरा रेलवे लाईन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी जिस पर सांसद संतोष पांडे ने अतिशीघ्र कार्य शुरू होने की जानकारी दी जिसके लिए नरेंद्र सोनी ने सांसद महोदय का आभार जताया।सांसद संतोष पांडे के जन्मदिवस पर स्थानीय विश्राम गृह छुईखदान गंडई प्रवास के दौरान युवा नेता नरेंद्र सोनी ने उपस्थित होकर सांसद संतोष पांडे को जन्मदिवस की बधाई दी और साथ ही उनसे



बहुप्रतीक्षित डोंगरगढ़ खैरागढ़ कटघोरा रेल लाइन कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने एवं चिटफंड एवं सहारा जैसे बैंकों में डूबे अविभाजित राजनांदगांव जिले के हितग्राहियों के 700 करोड़ की वापसी ,इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने रजेगांव से रायपुर सड़क को शीघ्र प्रारंभ करवाने की मांग की गई है। आपको बता दे की अविभाजित राजनांदगांव जिले में चिटफंड एवं सहारा बैंकों में गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लगभग 700 करोड रुपए निवेश किए गए थे।

## सरकार की योजना गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा संकल्प: रामजी भारती

**डोंगरगढ़ ,4 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत धूसेरा में आज शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्री रामजी भारती जनपद सदस्य रवि अग्रवाल मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेंद्र वैष्णव उपस्थित रहे।




शिविर में सभी विभाग के कर्मचारियों ने सरकार की योजना को ग्रामीणों को बताया और शिविर में उज्ज्वला गैस हितग्रहियो का द्म4ष् किया गया आयुष्मान कार्ड बनाया गया ,कृषि विभाग द्वारा योजना की जानकारी साझा की गई महिला एवम् बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन और गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रामजी भारती ने मोदी जी के साढ़े नव साल की योजना और नई सरकार की योजनाओं की जानकारी दे कर ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने का आह्वान किया और सभी को 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित होने वाले कार्यक्रम को दीपावली की तरह बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आहवान किया की पूर्व सरकार के भेट मुलाकात कार्यक्रम की तरह इस कार्यक्रम को न बनाया जाए जिस प्रकार भेट मुलाकात कार्यक्रम में फर्जी लाभार्थियों से सीखा पढ़ा कर बोलवाया जाता था उस तरह यहां फर्जी हितग्राहियों से न बुलवाया जाए और धरातल की सच्चाई से अवगत कराया जाए तथा विकास कार्यों को गति प्रदान कर ग्रामीणों को योजना से जोड़ा जाए। इस अवसर पर जैन मेश्राम ने भी संबोधित किया और आभार अब्दुल कादर द्वारा किया गया कार्यक्रम में सरपंच पीताम्बर सिन्हा ,रामगुलाल सिन्हा उदय सिन्हा हरी निषाद चंद्रेश्वर पटेल स्वर्ण मंडावी कीर्तन चंद्रवंशी राजेंद्र धुर्वे हिरामन बंजारे ईश्वर साहू रशीद खान जनपद के विजय प्रताप सिंह,नेहा सहारे , प्रवीण गड़पायले खिलेश्वरी निर्मल पंचायत सचिव सहित बिहान समूह की महिलाए और शाला परिवार के शिक्षक उपस्थित थे।

## 2122 पात्र नागरिकों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का मिला प्रत्यक्ष लाभ

**रायपुर,4 जनवरी।** सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के जोन क्रमांक 10 कार्यालय परिसर अमलीडीह में आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केन्द्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत लगाये गये नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के तहत डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नम्बर 52 के एक दिवसीय शिविर में मुख्य रूप से रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू सहित पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण श्री नन्द कुमार साहू, नगर निगम एमआईसी सदस्य श्री सहदेव व्यवहार, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 की पार्षद श्रीमती संध्या नानू ठाकुर, नगर पालिक निगम के जोन 10 जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया, कार्यपालन अभियंता श्री शिबूलाल पटेल, सहायक अभियन्ता श्री फत्तेलाल साहू सहित नगर पालिक निगम, रायपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दिन की पहली पाली में नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के तहत डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के जोन क्रमांक 10 कार्यालय परिसर अमलीडीह में लगाये गये विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में जाकर किया । रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का रायपुर शहर नगर पालिक निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डों के रहवासी समस्त पात्र नागरिकों को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के शिविरों के माध्यम से सहजता व सरलता से दिलवाया जाना प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं.

## आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई



**राजनांदगांव,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के अभियान के तहत दिनांक 2/1/2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व पर थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग को ग्राम पेण्ड्री -रेवाडीह की ओर रवाना किया गया था कि ग्राम पेण्ड्री -रेवाडीह पर अवैध रूप से शराब रखने / बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर रवाना टीम द्वारा समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया आरोपीगणों विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध कमांक 03/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, अपराध कमांक 04/2024 धारा 34(1) आबकारी एक्ट, कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

## सराफा कारोबारियों के लिए पुलिस विभाग की ओर से जारी किया जाए एक परिचय पत्र : हरख

**रायपुर,4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में सराफा कारोबारियों ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान श्री मालू ने सराफा कारोबारियों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, श्री साय ने जल्द ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और पुन~ मिलने के लिए सराफा कारोबारियों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर रायपुर सराफा



एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के साथ पी. उत्तम गोलछा, इंदरजीत सलूजा, प्रहलाद सोनी, विमल बुरड़, रविकांत लुक्कड़, देवेंद्र सोनी, प्रमित नियोगी, अनिल दुग्गड़, प्रिस सोनी उपस्थित थे। श्री मालू ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय को बताया कि छत्तीसगढ़ के संपूर्ण सराफा कारोबारियों के लिए पुलिस विभाग की ओर से एक परिचय पत्र प्रदान किया जाना चाहिए ताकि वे एक जिले से दूसरे जिले में आसानी से आना जाकर कर सकें साथ ही देर रात को पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ किया जाता है, इस दौरान वे इस परिचय पत्र को दिखा सकें। श्री मालू ने कहा कि ऑनलाइन साहूकारी लाइसेंस जारी होने में तकनीकी समस्या होने के कारण साहूकारी लाइसेंस जारी नहीं हो पा रहा है इसलिए राजस्व सचिव को आवश्यक निर्देश जारी कर इस समस्या का हल करने की मांग की ताकि सराफा व्यावसायी आसानी से साहूकारी लाइसेंस प्राप्त कर सकें।रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मांग की कि सराफा कारोबारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वे बिना कोई तकलीफ के अपना व्यवसाय एक प्रदेश से दूसरे

# केंद्र सरकार की योजनाओं से जनसामान्य हो रहे लाभान्वित

**राजनांदगांव ,4 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**



केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोडऩे के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत धामनसरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन पहुंची। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों और अधिकारी, कर्मचारियों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। धरती कहे पुकार के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नाट्य प्रस्तुति दी गई तथा रासायनिक खाद एवं कीटनाशक उपयोग से खेती में होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में किसानों को बताया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति संदेश देने के लिए विभिन्न प्रकार की पेंटिंग कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को कैप और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री लोकेश गंगवीर, उप सरपंच श्री कृतलाल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक एवं पोषण आहार के लिए विभिन्न हरी सब्जी, स्थानीय व्यंजनों से रंगोली बनाकर महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निश्शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, राजस्व विभाग और आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के स्टाल में विभागीय योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धामनसरा निवासी श्रीमती सुशीला पटेल ने बताया कि उसका हार्ट का आपरेशन रायपुर के निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड से निश्शुल्क किया गया है। जिससे वे स्वस्थ है। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संपादकीय

# सादगी स्वभाव हो तो अच्छा है

चार पांच दशक पहले हमारे बुजुर्ग अपने से छोटों को सादा जीवन,उच्च विचार की नसीहत दिया करते थे। वह खुह भी सादा जीवन जीते थे,उच्च विचार रखते थे और आने वाली पीढ़ी से भी यही अपेक्षा करते थे कि वह भी ऐसा करे। ऐसा करने पर आदमी खुद भी सुखी रहती है और दूसरे भी सुखी रहते है। इसकी वजह यह है कि आदमी की आवश्यकताएं जितनी कम होती है, उसे उतने ही कम पैसों की जरूरत होती है। कम पैसों में आदमी का काम चल जाता है तो वह खुद भी गलत नहीं करता है तथा किसी को गलत काम करने की सीख भी नहीं देता है। बचपन से बच्चों की सादा जीवन,उच्च विचर की सीख इसलिए दी जाती थी कि सादा जीवन उनका स्वभाव हो जाए। सादा जीवन जब आदमी का स्वभाव हो जाता है तो न तो उसको किसी तरह की परेशानी होती है न ही दूसरों को किसी तरह की परेशानी होती है। समाज में सादा जीवन जीने वालों को किसी तरह की बेईमानी नहं करनी पड़ती है, इसलिए उनसे किसी को परेशानी भी नहीं होती है। जबकि बेईमानी करने वाले खुद भी डरा रहता है कि वह कभी पकड़ा जा सकता है, उसकी बेईमानी के कारण समाज के लोगों को परेशानी होती है। बईमान आदमी लोगों को बेईमान बनने की सीख देता है। ईमानदार आदमी लोगों को ईमानदार बनने की सीख देता है। सादी जीवन आदमी का स्वभाव हो तो सबको अच्छा लगता है, सब उसकी तारीफ करते हैं कि देखों आज जब ज्यादातर लोग तड़क भड़क की जिमदी पसंद करते हैं देखों यह आदमी कैसा सादा जीवन जी रहा है, कैसा निरहंकार है। इसे पद या पैसे का कोई अहंकार नहीं है। सादगी आदमी का स्वभाव है तो उसकी तारीफ की जाती है, यही वजह है कि राज्य के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सब तारीफ कर रहे हैं कि देखो राज्य का डिप्टी सीएम बनने के बाद भी वह लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा अधकिारियों से कह रहे हैं कि उनके कार्यक्रम में कुर्सी न लगाई जाए। वह जब डिप्टी सीएम नहीं थे तब लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनते थे, अब वह भले ही डिप्टी सीएम बन गए हैं लेकिन वह आज भी जमीन से जुड़े नेता है, इसलिए वह आज भी लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। जनता ऐसे नेता का ही सम्मान करती है जो उसके बीच बैठकर उनकी बात सुने, समस्या का निराकरण ज्लद से जल्द करे। जो उनके गांव में उनसे मिलने के लिए आए। जिसके पास उनके लिए समय हो। जिसके स्वभाव में सादगी होती है, वह नेता ऐसा ही करता है जैसा कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कवर्धा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में किया। सीएम विष्णुदेव साय ने भी लोगों से कहा है कि वह उनसे मिलने आए तो एक फूल लेकर आए, बड़ा बुके लाना जरूरी नहीं है। यह भी वही आदमी कर सकता है सादगी जिसके स्वभाव में हो। इससे राज्य में फिजूलखर्ची पर रोक लगेगी। सरकार को जनहित के कई काम करने हैं, सरकार फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर भी जनहित के लिए पैसे जुटा सकती है। सरकार के सीएम व डिप्टी सीएम सादगी को पसंद करते है और उसके लिए राज्य के लोगों को, राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को भी सादगी के लिए प्रेरित करते है तो इससे बहुत पैसा जो बड़े कार्यक्रमों में खर्च होता है नहीं होगा, कम खर्च में भी शासकीय कार्यक्म हो सकेंगे तथा इस पैसे का उपयोग जनहित के काम में किया जा सकता है। सरकार खुद ऐसा करती है,उसके मंत्री ऐसा करतेहैं, उसके सासंद व विधायक भी ऐसा करते है तो सरकार की लोग सराहना करेंगे ही। जनता ऐसी सरकार को पसंद नहीं करती है जो दिखावा पसंद करती है, भले ही इसके लिए कर्ज लेना पड़े। भूपेश सरकार की इसी लिए आलोचना होती है कि उसने अपनी पार्टी के वादे पूरे करने के लिए हजारों करोड़ का कर्ज लिया और जनता को देने के नाम पर राज्य पर पांच साल में हजारों करोड़ का कर्जदार बना दिया। सरकार केजरीवाल जैसी भी नहीं होनी चाहिए जब तक सत्ता नहीं मिली रहती है तो सादा जीवन व उच्च विचार की बाते की जाती हैं तथा सत्ता मिलते ही केजरीवाल अनपे लिए शीशमहल बनवाते है, वह खुद व मंत्रियों को कट्टर ईमानदार कहते है और उन पर पूरे देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं जिस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, उसके नेता भले ही सादगी का दिखाव करें लेकिन जनता उन्हें ईमानदार नहीं मानती है। चुनाव में सबक सिखाती है।

# धरती की सुरक्षा निहित है श्रीराम के प्रकृति-प्रेम में

चिंतन

ललित गर्ग



अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही श्रीराम के इस पांच सौ वर्ष के टेंटवास के वनवास से स्व-मन्दिर में स्थापित होने की घटना वास्तविक दीपावली एवं खुशी का अवसर है, जिससे भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त



होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

प्रकृति, पर्यावरण और प्रगति के मध्य अन्तः सम्बन्ध है जिनके प्रति मानवीय दृष्टिकोण सांस्कृतिक विरासत एवं श्रीराम के जीवन से निर्मित एवं विकसित होता है और इस संदर्भ में भारतीय हिन्दू संस्कृति की वैश्विक भूमिका प्राचीनकाल से ही मानी गयी है। बाल्मीकि रचित रामायण से लेकर तुलसीदास रचित रामचरित मानस में प्रकृति चित्रण, पर्यावरण संचेतना, पर्यावरण संरक्षण का विस्तृत उल्लेख किया गया है। वास्तव में हिन्दू धर्म एक विशिष्ट पूजा पद्धति, आस्था तक ही सीमित नहीं है वरन जैसा कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिन्दू धर्म को परिभाषित करते हुए कहा है कि हिन्दूधर्म एक जीवनशैली है। हिन्दू धर्म की इस जीवनशैली में धर्म तथा पर्यावरण में सह-सम्बन्ध माना गया है। जिसके अन्तर्गत पर्यावरण प्रकृति के साथ मानव द्वारा उचित, संवेगात्मक, संवेदनात्मक एवं सामन्जस्यपूर्ण सम्बन्ध निभाना ही उसका धर्म है। पृथ्वी को धरती माता के रूप में पूजित माना गया तथा सूर्य, जल, वायु, वृक्ष, अग्नि सभी को देवता मानकर पूजनीय माना गया। केवल यही नहीं विभिन्न देवी-देवताओं के वाहक के रूप में विभिन्न पशु-पक्षियों की भी आराधना की पद्धति विकसित की गयी। जल, वायु को दूषित करना, वृक्षों का अनावश्यक रूप से काटने को पाप माना जाता था क्योंकि उस समय ऋषि, मुनियों को पर्यावरण के इन महत्त्वपूर्ण घटकों के महत्त्व का ज्ञान था। तत्कालीन भारतीय सामाजिक जीवन में पर्यावरणीय तत्त्वों के साथ सामंजस्य की भावना धर्म से जुड़ी हुई थी।

रामराज्य वन क्षेत्रों से भरा था। सभी वृक्ष हरे-भरे पुष्प तथा फल सम्पन्न थे। समृद्ध वन में वन्यजन्तु स्वाभाविक रूप से रहा करते थे। सभी वन्यजीव ऐसे वन क्षेत्र में प्रफुल्लित थे। शेर, हाथी, विविध प्रकार के रंग-बिरंगे पक्षी तथा विभिन्न प्रजातियों के हिरण आदि जीवन को जीवन्त बनाया करते थे। रामराज्य में सभी जीव-जन्तु प्रसन्न मन से अपना स्वाभाविक जीवन जीते थे। प्रकृति के किसी भी अवयव से किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाती थी। वन क्षेत्रों की कमी से ईंधन एवं चारा की विकट समस्या उत्पन्न होती है। ग्रामीण क्षेत्र ईंधन एवं चारा की कमी से बुरी तरह से प्रभावित होते हैं। चारे की कमी से दूध-दही का उत्पादन घटता है जो मानव जीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पशु-पक्षियों के शिकार एवं व्यापार से सृष्टि-संतुलन बिगड़ता है। रामराज्य में ईंधन एवं चारा की कमी नहीं थी, गाय को पूजनीय एवं माता माना जाता था इसलिये गाय पर्याप्त मात्रा में दूध देती थी- मनभावतो धेनु स्त्रवहीं।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बुद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। निश्चित ही इन सभी समस्याओं का समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम में मिलता है, श्रीराम के मन्दिर का उद्घाटन निश्चित ही रामराज्य की स्थापना की ओर अग्रसर होने का दुर्लभ अवसर है, इस अवसर पर हमें श्रीराम के प्रकृति-संरक्षण की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए देश ही नहीं, दुनिया की पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं सृष्टि-असंतुलन की समस्याओं से मुक्ति पानी चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यों को लेकर नई प्लानिंग बना सकते हैं, परंतु आपकी नौकरी में आपका ट्रांसफर की संभावना अधिक दिख रही है, इसलिए आप पहले से सावधान रहें, आपको अधिक वेतन मिल सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो इंपोर्ट एक्सपोर्ट का व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल लाभ बहुत अधिक मिल सकते हैं ।

वृषभ राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में बहुत अधिक कार्य करना होगा, परंतु उस कार्य को करने से आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है. आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक खुश रहेंगे और वह आपका प्रमोशन कर सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित उत्पादों का व्यापार करने वाले व्यापारियों को कल बहुत अधिक लाभ मिलना मुश्किल हो सकता है, जिसके कारण आप परेशान हो सकते है. आप अपने व्यापार के प्रति कड़ी मेहनत करें, अभी आपको कामयाबी मिल सकती हैं.

मिथुन राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यक्षेत्र में और अपने दफ्तर में अपने क्रोध पर कंट्रोल रखे, अपने ऑफिस के अधीनस्थ पर आगबबूला ना हो, आपको उन्नति मिलने की संभावना बन रही है. अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें, व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल घाटे का सामना भी करना पड़ सकता है, परंतु काम धंधे में लाभ और हानि चलती रहती है. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों को बहुत अधिक चिंतन नहीं करना चाहिए अन्यथा, आपका मन परेशान हो सकता है.जिस विषय पर अधिक आवश्यकता हो, इस पर ही बात करें, बस प्लानिंग करके कार्य को शुरू करें तभी आपको सफलता की प्राप्ति मिल सकती हैं.

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग क्रोध और तनाव की स्थिति में अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करेंगे तो उन्हें सभी कार्यों को करने में देर कर देरी के लिए डांट खानी पड़ सकती है, इसीलिए आप अपना कार्य बहुत अधिक मन लगाकर ध्यान से करें अन्यथा, आपके अधिकारी आपसे बहुत अधिक क्रोधित हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कमाई के अवसर की तलाश में है और अपने व्यापार को आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको अपना दिमाग और अधिक लगाना होगा, तभी आपका अफसर के बारे में विचार कर सकेंगे, आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए अपने बड़े बुजुर्गों का सहारा लेने आपको कामयाबी मिलेगी.

सिंह राशि- कल का दिन बहुत ही अधिक मेहनत वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक मेहनत करें और विशिष्ट तरीके से अपने ऑडिया से जीत हासिल कर पाने में सक्षम रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों के बाद करें तो इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान बेचने वाले व्यापारियों को कल बहुत अधिक अच्छा लाभ मिल सकता है. उनके सामानों की बिक्री बहुत अधिक बढ़ सकती है. जिससे आपको बहुत अधिक धन की प्राप्ति हो सकती है. विद्यार्थियों की बात करें तो विद्यार्थी कल यदि ऑनलाइन कोई कार्य करते हैं तो अपना डाटा भी सिक्योर करते चले अन्यथा,

कन्या राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने करियर की समस्याओं से बाहर निकालने के लिए खुद रास्ता ढूंढेंगे तो आपको कामयाबी मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो दवा के व्यापारियों को कल अपने दस्तावेजों को अधिक संभाल कर रखना होगा तथा अपने सरकारी दस्तावेज पूरे रखने होंगे अन्यथा, आपके कारखाने पर सरकारी छापा भी पड सकता है और आप परेशानी में आ सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों के लिए अध्ययन करने का यही अच्छा समय है. इसी से आप आगे बढ़कर अपने करियर में सफल हो सकते हैं.

तुला राशि- नौकरी के लिए आप यदि प्रयास कर रहे हैं या नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको निराशा हाथ लगेगी इसलिए आप अपनी पुरानी नौकरी पर ही ध्यान केंद्रित करें और उसी में सफल होने की कोशिश करें. इस पुरानी नौकरी में ही आपको प्रमोशन मिल सकता है. आप अपनी बातों को सभी के सामने सही तरीके से समझाने में कल सफल रहेंगे, यदि आपका लाइफ पार्टनर आपका बिजनेस पार्टनर भी है तो कल का दिन आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा. आप अपने पार्टनर के साथ मिलकर अपने भविष्य के लिए कुछ नई योजनाएं बना सकते हैं, और अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं.

वृश्चिक राशि- कल का दिन बहुत अच्छा रहेगा. कल आपका दिन बहुत ही सुख और उन्नतिदायक रहेगी. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य के प्रति ऊर्जावान रहेंगे, आपके ऑफिस में आपके सहयोगी आपकी बहुत अधिक तारीफ करेंगे, इससे आप फूले भी ना समाएंगे, इसके लिए आप बहुत अधिक सक्रिय रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के रुके हुए कार्य फिर से बन सकते हैं. आप अपने व्यापार में अनुभव को प्राप्त करने के लिए अपने बुजुर्गों का सहारा लें, जिससे आपको लाभ मिलेगा और आपका व्यापार भी अच्छा चलेगा.

धनु राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका आपके दफ्तर में डाटा लॉस हो सकता है, जिसके कारण आपको जल्दबाजी में कोई कार्य करने से बचना होगा, अन्यथा आपसे कोई बहुत बड़ी गलती हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों के बात करें तो कल आपको भेजा पाकुर आगे बढ़ाने के लिए बहुत धैर्य रखना होगा. तभी आप अपनी वफा रुकोगे बढ़ा सकते हैं और आपको सफलता के प्राप्ति हो सकती है. आप अपने व्यापार में अधिक से अधिक ध्यान लगाए, तभी आपके व्यापार की उन्नति हो सकती है. विद्यार्थियों की बात करें तो विद्यार्थी कल अपने स्वभाव में थोड़ी सी विनम्रता लाये अन्यथा झगड़ालू स्वभाव के कारण आपको नुकसान हो सकता है.

मकर राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने करने वाले जातकों के लिए कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. आप अपनो के साथ में अधिक अपेक्षा ना करें, अपने सहकर्मियों के साथ में अच्छा व्यवहार रखें. वह आपकी परेशानी के समय में आपकी मदद कर सकते हैं. जिससे आपको बहुत अधिक लाभ रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है, जिसके चलते उनकी आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी रहेगी. उन्हें रूपए पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी. युवा जातकों की बात करें तो उनके लिए कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा,।

कुंभ राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपने अपनी नई-नई नौकरी यदि आपने अभी नई-नई नौकरी शुरू की है तो आप अपनी नौकरी में बहुत ही मन लगाकर कार्य करें. आपके अधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे और वह आपका प्रमोशन भी कर सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल बर्तनों के व्यापारियों को अच्छी कमाई हो सकती है और जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अधिक हो सकती है.

मीन राशि- कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा. कल आपका मन किसी बात को लेकर बहुत अधिक परेशान रहेगा. आप उसके लिए परेशान होने की जगह कुछ सीखने की प्रयास करें और अपनी कमियों को दूर करने का भी प्रयास करें, जिसके कारण आपको सफलता मिलेगी. व्यवसाय करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने पेंडिंग कार्यों को जल्दी से जल्दी पूरा करने की योजना बनाएं अन्यथा, आप अपने व्यापार को अच्छे से नहीं चला पाएंगे और आपका व्यापार किसी कानूनी दाव पैचो में उलझ सकता है. आप अपने कानून से संबंधित सभी कागजों को पूरा रखें.

## व्यंग्य

# रेल की खिड़की वाली सीट

एक समय की बात है, मीलों लंबी रेलवे पटरियों के देश में, ट्रेनों में रहस्यमय, प्रतिष्ठित और अत्यधिक मांग वाली जगह - खिड़की की सीट - के बारे में एक किंवदंती मौजूद थी। हां, आपने इसे सही सुना। ट्रेन की साधारण खिड़की वाली सीट कोई साधारण सीट नहीं थी। यह यात्रियों के बीच एक प्रतिष्ठित, लगभग पौराणिक, विवाद का मुद्दा था, और यदि आप इस पर अपना दावा करने का साहस करते हैं, तो महाकाव्य अनुपात की लड़ाई के लिए तत्पर भी रहना चाहिए। यह सब ÷सभी सवार हैं!÷ की घोषणा के साथ शुरू हुआ। चूँकि यात्री अपने निर्धारित स्थानों को ढूँढ़ने की जल्दी में थे। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची तो खिड़की वाली सीट के लिए होड़ शुरू हो गई। आप लोगों को एक छोटी, गंदी खिड़की के माध्यम से मायावी बाहरी दुनिया की एक झलक पाने के लिए भीड़ भरी ट्रेन में दौड़ते, धक्का मारते और कोहनी मारते हुए लोग आसानी से दिख जायेंगे। लेकिन आइए एक पल रुकें और इस मायावी सीट के पीछे के कारणों पर विचार करें। खिड़की की सीट के बारे में ऐसा क्या है जो अन्यथा तर्कसंगत व्यक्तियों को दृढ़, एक-दिमाग वाले योद्धाओं में बदलने का कारण बनता है, जो गुजरते दृश्यों को देखने के अवसर के लिए युद्ध करने के लिए तैयार होते हैं? ऐसा लगता था कि खिड़की की सीट में एक विशेष शक्ति थी - बाहर के बदलते दृश्यों से मंत्रमुग्ध होकर, बैठे हुए व्यक्ति को ट्रान्स जैसी स्थिति में ले जाने की शक्ति। अब, आप सोच रहे होंगे, ÷खिड़की वाली सीट में आखिर कौन सी बड़ी बात है?÷ खैर, जो लोग ट्रेन यात्रा की कला से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए खिड़की की सीट आपकी थकी हुई हड्डियों को आराम देने की जगह से कहीं अधिक है। यह एक गौरवशाली सिंहासन, एक लक्ष्य, एक प्रतिष्ठा का प्रतीक और शायद, जीवन का एक तरीका भी है। सबसे पहले, आइए इसके एर्गोनोमिक कौशल पर गौर करें। खिड़की की सीट, अपने आर्मरेस्ट के साथ, एक आरामदायक कोना जो किसी के साथ साझा नहीं किया जाता है, और एक अबाधित दृश्य, एक लंबी ट्रेन यात्रा पर आराम का प्रतीक है। खिड़की की सीट की साइड टेबल एक अचानक भोजन स्थल, एक कार्य केंद्र और एक बेचैन यात्री की बेचैन उंगलियों के लिए एक अंतहीन खेल का मैदान के रूप में कार्य करती है। खिड़की की सीट हरे-भरे घास के मैदानों से लेकर राजसी पहाड़ों, सुरम्य गांवों और हलचल भरे शहरों तक, परिदृश्यों का एक कभी-बदलने वाला बहुरूपदर्शक प्रस्तुत करती है। जैसे-जैसे ट्रेन आगे बढ़ती है, खिड़की की सीट पर बैठा व्यक्ति प्रकृति के भव्य रंगमंच का दर्शक बन जाता है, और विस्मयकारी



आँखों से दृश्यों का आनंद लेता है। यह एक सुपर-आकार, हाई-डेफिनिशन, 3डी टेलीविजन के बाहर की दुनिया से लाइव स्ट्रीमिंग जैसा लगता है। इसे चित्रित करें तो मानो ऐसा लगता है कि एक अकेला यात्री एक खाली खिड़की वाली सीट देखता है और उसके लिए दौड़ता है, लेकिन अंतिम क्षण में उपद्रवी किशोरों के एक समूह द्वारा उसे निराश कर दिया जाता है। एक बुजुर्ग जोड़ा सीट की ओर बढ़ता है, उनकी आंखें उम्मीद से भरी होती हैं, लेकिन एक चतुर, तेज़-तर्रार यात्री जो पुरस्कार जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित होता है, उससे आगे निकल जाता है। जैसे ही ट्रेन चलने लगती है, खिड़की वाली सीट की चल रही कहानी सामने आने लगती है। जिस किसी ने भी खिड़की वाली सीट पर बैठने की हिम्मत की है, उसे सहयात्रियों के अनुरोधों की झड़ी लगानी पड़ी है, जो कुछ ही क्षणों के लिए प्रतिष्ठित सिंहासन पर बैठने का मौका पाने के लिए छटपटा रहे हैं। खिड़की की सीट पर बैठे किसी निर्दोष व्यक्ति के लिए यह असामान्य बात नहीं है कि वह इस रस्साकशी के बीच में फंस जाए कि वहां अगला कौन बैठेगा, क्योंकि उनकी सीट ईर्ष्या और इच्छा की मुख्य अचल संपत्ति बन जाती है। इसके अलावा, खिड़की वाली सीट अपनी अनिश्चित स्थितियों के साथ आती है। विक्रेताओं, बस चालकों और विभिन्न विक्रेताओं की अंतहीन धाराएँ ट्रेन के माध्यम से परेड करती हैं, खिड़की की सीट पर बैठे भाग्यशाली व्यक्ति के ठीक सामने अपना सामान बेचती हैं। यह जहाज पर बुफे कार की मनमोहक गंधों, दृश्यों और ध्वनियों या संगीत कलाकार की मधुर धुनों का विरोध करने की इच्छाशक्ति और शक्ति की परीक्षा बन जाती है - अक्सर, सीट पर अपनी पकड़ बनाए रखने की इच्छा जीत जाती है, और प्रलोभन का निरंतर प्रवाह सहन किया जाता है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, खिड़की-सीट-विजेता को क्रमिक पर्दे-बंदर से निपटने के कठिन कार्य का भी सामना करना पड़ता है। भयभीत सहयात्री जो यह मानता है कि बाहर की दुनिया में कोई आकर्षण नहीं है और वह बार-बार पर्दा खींचने पर जोर देता है, जिससे खिड़की की सीट अंधेरे में डूब जाती है। यह इच्छाशक्ति की लड़ाई है, जो सुंदर दृश्यों को देखने की कोशिश कर रहा है और जो चमकदार धूप से सांत्वना ढूंढ रहा है।लेकिन रुकिए, और भी बहुत कुछ है। आइए तत्वों की अप्रत्याशितता को न भूलें। बारिश, कोहरा, या पंख वाले प्राणियों के अचानक आक्रमण से बहुप्रतीक्षित खिड़की पर छींटे, धारियाँ पड़ सकती हैं, या भगवान न करे, कोई पक्षी टकरा सकता है। खिड़की की सीट पर बैठने वाले को हमेशा सतर्क रहना चाहिए, वाइपर आदि से लैस होना चाहिए ।

## चर्चित मुद्दा

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिश्रित वरदान ,गोपनीयता बड़ी चुनौती !



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( ए आई ) अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर पूरे विश्व में सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर वैज्ञानिकों तथा समाजसेवियों द्वारा चिंतन किया जा रहा है । कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है जहां ए आई प्रवेश न करना चाहता हो । महिलाओं की रसोई से लेकर वित्तीय स्थिति पर भी ए आई ने दखलंदाजी शुरू कर दी है । हमारा देश जो मनुष्य की प्रखर बुद्धि के आधार पर विश्व स्तरीय पहचान रखता है , वह भी आज ए आई की कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा से नहीं बच सका है । मैंने एक समाचार पत्र में पढ़ा कि ÷ अब बहुत समय तक इंसान जज नहीं रह पाएंगे ÷ बड़ा कौतूहल जागा , जब मैंने पूरे समाचार पर दृष्टि डाली तो वह अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जज का कथन था । अमेरिकी मुख्य न्यायाधीश ÷ जॉन रॉबर्ट्स ÷ ने कहा है कि- ए आई कानून के क्षेत्र में वरदान है और अभिशाप भी । उन्होंने सावधान करते हुए कहा है कि इसके इस्तेमाल से पहले सभी पहलुओं पर गहन चिंतन की जरूरत है । वे इस बात से भी इनकार नहीं करते हैं कि गरीबों तक न्याय की पहुंच के लिए ए आई वरदान सिद्ध हो सकता है । बढ़ते मामले और फाइलों का अंबार कम करने में सहायता मिल सकती है । मामलों के निपटने के खर्चों में कमी आ सकती है । उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ए आई का उपयोग यदि जज के रूप में शुरू होता है , तो इससे गोपनीयता और निजता पर सवालिया निशान लग सकता है । दूसरी और पूर्ण रूप से मशीन आधारित निर्णय इंसानी विवेक पर जंग लगा सकते हैं । भारतवर्ष की जनसंख्या की तुलना में कई गुना छोटा देश अमेरिका जब ए आई का इस्तेमाल कानून के क्षेत्र में करने से नकारात्मक सोच रखता है , तब हम भारतवर्ष के संदर्भ में इसके उपयोग का सहज अंदाजा लगा सकते हैं । ए आई तकनीक का हाल ही में न्याय के क्षेत्र में तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है । बिना यह सोचे समझे कि ए आई की अपनी सीमाएं हैं । ए आई के बढ़ते उपयोग से हमारे जीवन के कई हिस्से तेजी से बदल रहे हैं । न्यायालय भी इस नई तकनीक से अछूता नहीं है । वैज्ञानिक यह भी मान रहे हैं कि ए आई का उपयोग जल्द ही विशिष्ट नौकरियां तक सीमित होकर रह जाएगा , किंतु एक न्यायाधीश के काम के लिए विविध प्रकार की प्रतिभाओं की जरूरत होती है , इसे हमें याद रखना होगा । इस बात से विशेषज्ञ भी इनकार नहीं कर रहे हैं कि न्यायिक निर्णय लेने में ए आई तकनीक का स्पष्ट लक्ष्य अदालतों के समक्ष कम मामलों के मुद्दे का ही समाधान करना है । फिर भारतवर्ष में तो मामलों के संदर्भ में ÷ चीन की दीवार ÷ भी फेल है ! तब हमें शायद चिंता करने की जरूरत नहीं है । एक बात जो सामने आ रही है वह दुनिया भर की अदालतों से संबंध रखती है । आज पूरी दुनिया में ÷ मुकदमे बाजी विस्फोट ÷ बढ़े हुए मामलों को लेकर दिखाई पड़ रहे है ! मामलों को उचित समय में हल करने के उद्देश्य से अदालतों को न्यायाधीशों की सहायता के लिए ए आई तकनीक को भी शामिल करना पड़ रहा है ! गंभीरता के साथ विचार किया जाए तो न्यायिक ए आई का व्यावहारिक उपयोग दायरे और गहराई में काफी सीमित है ।व्यवहार में न्यायिक ए आई केवल न्यायाधीशों के निर्णय लेने में सहायता कर सकता है । यह किसी भी रूप में न्यायाधीश की जगह नहीं ले सकता । हम यह कह सकते हैं कि कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता अधिक उपयुक्त हो सकती है । संक्षेप में कहा जा सकता है कि न्यायिक ए आई सुधार एक सामान्य प्रवृत्ति है । इसका तात्पर्य यह नहीं की वर्तमान अनुसंधान और कार्यान्वयन वैज्ञानिक और व्यावहारिक हैं । न्यायिक ए आई को अभी अपनी ज्ञान संरचना , अनुप्रयोग , परिदृश्य और संभावित क्षमताओं में सुधार करने की जरूरत है । इसे मुकदमों के निर्णय के मामले में एक विकल्प के बजाय न्यायाधीश के सहायक तक ही सीमित रखा जाना चाहिए । जहां तक मैं समझता हूं ए आई का प्रयोग उतना ही सीमित होना चाहिए जितना कि मानवीय शरीर में आई बीमारी को जानने के लिए सोनोग्राफी से लेकर सीटी स्कैन , एमआरआई खून जांच आदि के उपरांत डॉक्टर द्वारा दी जाने वाली दवाइयां का महत्व सामने आ रहा है । जहां तक मैं समझता हूं ए आई अन्य बातों के अलावा विभागों में सूचना विषमता को दूर करके , केश हैंडलिंग दक्षता को बढ़ाकर , गलत मामलों को कम करके तथा निष्पक्षता को वरीयता देते हुए अदालती मामलों को संभालने अथवा निर्णय लेने की प्रक्रिया में मदद कर सकता है । यह भी कह सकते हैं कि ए आई परीक्षण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है । यह केवल मामलों को संभालने में न्यायाधीशों की सहायता कर सकता है । विश्व भर में न्यायिक प्रणालियां भारी मात्रा में कानूनी डेटा का विश्लेषण करने के लिए ए आई का उपयोग कर रही हैं । इसके पीछे यह सोच कम कर रही है , कि इससे वकीलों को कानून के उदाहरण खोजने में मदद मिलेगी । साथ ही न्यायिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और न्यायाधीशों को सजा की अवधि तथा पुनरावृत्ति स्कोर का अनुमान लगाने में मदद मिल सके । जटिल न्यायिक परिचालकों के सामने कंप्यूटर अभी भी कम से कम कुछ समय के लिए ÷ मानव रेफरी ÷ की जगह नहीं ले सकता है । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज हर घर में घुस चुका है । इसने रोजमर्रा के कामों को आसान किया है , किंतु इसके दुष्प्रभाव भी दुनिया भर में चर्चा का विषय बने हुए हैं । शायद इन्हीं नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी दी है ।1जॉन रॉबर्टस ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कानूनी फील्ड के लिए मिश्रित आशीर्वाद की तरह है । कारण यह कि इसने जजों के काम करने के तरीकों को बदल दिया है ! अपनी रिपोर्ट में जॉन रॉबर्टस ने लिखा है- मैं भविष्यवाणी करता हूं कि मानव न्यायाधीश कुछ समय के लिए हमारे आसपास रहेंगे । उन्होंने यह भी कहा है कि लीगल कामकाज खास तौर पर टेस्टिंग लेबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित होने वाला है । उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि ए आई के किसी भी उपयोग के लिए सावधानी और विनम्रता की जरूरत है ।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा है कि अमेरिकी कोर्ट में ए आई का उपयोग करते हुए वकीलों ने गैर मौजूद दस्तावेजों का हवाला देकर यह सिद्ध कर दिया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर मायने में उचित अथवा वरदान नहीं मानी जा सकती है । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारतवर्ष के संदर्भ में एक अथॉरिटी का निर्माण जरूरी है । अथॉरिटी नियम- कायदों को तय करे । साथ ही पूरे क्षेत्र की निगरानी करे । सरकार उन क्षेत्रों को चिन्हित करे, जहां प्राथमिकता के आधार पर ए आई का उपयोग किया जा सकता है । जहां तक मैं समझता हूं - ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन , कृषि आदि इसके लिए उपयुक्त क्षेत्र हो सकते हैं ।

एक नजर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में निःशुल्क बी-वन खसरा एवं जाति प्रमाण पत्र का वितरण

**कांकेर, 4 जनवरी ।** जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एलईडीयुक्त प्रचार वाहन के माध्यम से कई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने योजना से हुए लाभ के बारे में बताया। 'धरती कहे पुकार के' की प्रस्तुति के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और उन्हें जैविक खाद का उपयोग कर प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह आज चारामा ब्लाक के ग्राम पंचायत हाराडुला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में निःशुल्क बी-1 खसरा, जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं भूमि संबंधित दस्तावेजों को 100 प्रतिशत करने के लिए संबंधित हल्का पटवारी को अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया गया। इसके अलावा जिले के अंतागढ़ विकासखंड में ग्राम आमाबेड़ा एवं टिमनार, चारामा के तुएगहन और हाराडुला, दुर्गूकोंदल के लोहत्तर और जाड़ेकुर्से, कांकेर के पाण्डरवाही और नाथिया नवांगांव, कोयलीबेड़ा के पुरूषोत्तमनगर और इन्द्रप्रस्थ तथा नरहरपुर के मावलीपारा और मांडाभर्री में शिविर का आयोजन हुआ।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से लाभान्वित हुई सिरमोतिन

**कांकेर, 4 जनवरी ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत-नारा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की




लाभार्थी श्रीमती सिरमोतिन जैन ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए योजना से हुए लाभ के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के समय हुए लॉक डाउन में सभी व्यवसाय बंद हो गया था। इस दौरान जीवकोपार्जन का कोई भी साधन नहीं था। उस समय आय का कोई स्रोत नहीं होने से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनके परिवार को चावल खरीदकर खाना पड़ता था, जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू होने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत राहत मिली है। श्रीमती जैन ने बताया कि कोरोना काल से अब तक उन्हें निःशुल्क राशन मिल रहा है। इसके तहत फोर्टिफाइड चावल मिलता है, जिसमें युक्त पोषक तत्वों से कुपोषण भी दूर हो रही रही है। श्रीमती सिरमोतिन ने इस योजना को गरीब परिवारों के लिए अत्यंत कल्याणकारी बताते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाएं:चंदन मानकर

**अंवरी।** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के लिए विशेष प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को प्रगतिशील बनाएं, इस संबंध में नगर पंचायत भखारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर ने कहा इस योजना में 13हजार करोड रुपए के बजट का प्रावधान है इसमें पहले चरण में एक लाख तक और दूसरे चरण में 2 लाख तक की लोन सहायता महज 5त्न की ब्याज दर पर है सभी हितग्राहि नजदीकी चॉइस सेंटर में जाकर अपना पंजीयन कराएं ,और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाएं।

### कांकेर एवं गोविंदपुर वार्षिक मेला के लिए शांति समिति की बैठक 5 को

**कांकेर, 4 जनवरी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांकेर मेला 07 जनवरी एवं 12 जनवरी को गोविंदपुर का वार्षिक मेला का आयोजित होना निर्धारित है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कानून, शांति-सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 05 जनवरी को अपरान्ह 01 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्धारित है।

# विधायक चैतराम कटेकल्याण पहुंच ग्रामीणों से मिले और ली समस्याओं की जानकारी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 4 जनवरी।** दंतेवाड़ा विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी चुनाव के पश्चात क्षेत्र भ्रमण के तहत उद्धार को कटेकल्याण पहुंचे जहा भाजपा कटेकल्याण मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक चैतराम अटामी का भव्य स्वागत किया। विधायक श्री अटामी ने कटेकल्याण स्थित बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद माँगा । विधायक श्री अटामी ने कहा की पिछले 05 वर्ष में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दंतेवाडा का विकास थम गया था ,पूर्व में जब डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में थी तब दंतेवाड़ा का तीव्र गति से शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के छेत्र में विकास हुआ जिससे देश भर में दंतेवाड़ा की पहचान नवाचार के गढ़ के रूप में बनी हुई थी अब डबल इंजन की सरकार है जो दंतेवाड़ा के विकास के लिये प्रतिबद्ध है अब इस 05 वर्षो में वापस दंतेवाड़ा के विकास को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य तीव्र गति से होगा। इस दौरान भाजपा राष्ट्यि,प्रदेश,जिला,मण्डल एवं समस्त मोर्चा के कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सीएआरपीएफ के सिविक एक्शन प्रोग्राम के शिविर में ग्रामीणो को बांटी जरूरी सामग्री



■ स्वास्थ्य शिविर का भी हुआ आयोजन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,4 जनवरी ।** बुधवार को छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम स्कूलपारा एवं कर्रेपारा थाना जगरगुण्ड़ा जिला सुकमा के अंतर्गत 231 वीं वाहिनी द्वारा पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर के दिशा-निर्देशानुसार, विकास कठेरिया, पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231 बटालियन के द्वारा गाँव स्कूलपारा में सिविक एक्शन प्रोग्राम कैम्प का शिविर स्थापित कर ग्रामीणों को मच्छरदानी, सोलर स्ट्रीट लाईट, एवं बच्चों को किताब, कॉपी व पैन एवं युवाओं को बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, बॉलीवॉल, फुटबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि सामग्री ग्रामिणों को वितरित की गई। इसी के साथ ग्रामिणों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकाश कुमार, सहायक कमाण्डेंट, डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर, चिकित्सा अधिकारी, एवं सोलंकी विजय कुमार मनोहर राव, सहायक कमाण्डेंट व गाँव कोण्ड़ासांवली के सरपंच, अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित थें।इस दौरान सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट ने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि, युवाओं के समग्र विकास के लिए खेल कूद की सामग्री व शैक्षणिक समग्री इस दूरस्थ इलाके में उपलब्ध करवाकर हम लोग बच्चों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। हम अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य, कृषि, जलसुविधा व मनोरंजन हेतु खेल-कूद के क्षेत्र में और बेहतर योगदान देना चाहते है। ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या में हम आपके साथ खड़े रहेगें। इस प्रकार के विकासात्मक कार्य से सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों के मध्य रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे और विकास एवं शांति की भी राह प्रशस्त होगी। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 200 ग्रामीणों के लिए शाकाहारी भोजन का भी प्रबंध किया गया था जिसमें ग्रामीणों को भोजन में दाल, चावल, सब्जी पूड़ी, अचार आदि खिलाई गई जिसें ग्रामीणों ने बहुत ही खुशी से खाया।

### अंतागढ़ शिविर में पेंशन प्रकरणों का समाधान

**कांकेर, 4 जनवरी।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उप कोषालय कार्यालय अंतागढ़ में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 01 पेंशन प्रकरण जिला कोषालय के ई-बिल सेक्सन अंतर्गत भुगतान हेतु प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा 02 प्रकरणों में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग अंतागढ़ को प्रकरण तैयार कर संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए तथा 01 अन्य प्रकरण न्यायलयीन प्रकरण होने के कारण 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन यथावत रखने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी पेंशन संबंधी लिपिकों को आगामी 06 माह में सेवानिवृत्त होने वाले प्रकरणों को तत्काल संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर प्रेषित करने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम द्वारा दिए गए।

# 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर गीदम नगर में होगा भव्य कार्यक्रम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 4 जनवरी ।** आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन समारोह अयोध्या में होगा इस ऐतिहासिक दिन की भव्यता को और बढाने गीदम नगर में भी अनेक धार्मिक अनुष्ठान , कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए नगर के बाबा रामदेव मंदिर परिसर में बुधवार शाम बैठक भी आयोजित की गई । इस दौरान नगर में अयोध्या की भांति भव्यता के साथ श्री राम मंदिर उद्धघाटन समारोह को श्री राम जन्मोत्सव समिति एवं श्री रामदेव बाबा मंदिर समिति के तत्वाधान में मनाने का निर्णय लिया गया है। बुधवार शाम हुए बैठक में नगर के सभी समाजो के प्रमुख उपस्थित हुवे एवं अपना-अपना सुझाव दिये। बैठक में पिछले आयोजन की सफलता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए नगर के राजेश झझ्झर गुप्ता को पुनः श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया है ।

बैठक के दौरान श्रीराम मंदिर उद्धघाटन को दीपावली पर्व की तरह मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में दोनो समिति के पदाधिकारियों , सदस्यों समेत नगर के वरिष्ठजन गणमान्य नागरिकगण , युवाओं की टीम व अन्य रामभक्त मौजूद रहे ।

### विकसित भारत अभियान विचार गोष्ठी आयोजित

**कांकेर, 4 जनवरी ।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट, कांकेर में विकसित भारत अभियान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पखांजूर डॉ. ए.के. ठाकुर व प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया गया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान विकसित भारत 2047 के लिए पूरे भारत वर्ष में संचालित तकनीकी विश्वविद्यालयों के अंतर्गत महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के विचार साझा करने भारत सरकार के द्वारा सुझाव मांगा गया है के संबंध में अवगत कराया। डॉ. ए.के. ठाकुर ने विकसित भारत के लिए शिक्षा सामाजिक, आर्थिक पहलुओं के साथ तकनीकी को लाने जो प्रायोगिक रूप से हर नागरिकों के द्वारा अमल में हो के संबंध अवगत कराया। सह-प्राध्यापक डॉ. पी.एस. मरकाम ने कृषि क्षेत्र में उत्पादन के साथ बाजार व्यवस्था एवं मांग आधार में कृषि प्रणाली को जोर देने को कहा। सह प्राध्यापक डॉ. जीवन लाल सलाम ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के विचार को संकलित कर कार्य योजना बनाने की बात कहीं। सहायक प्राध्यापक श्री अनिल कुमार नेताम ने कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र से चाहे, छात्र हो, अधिकारी हो सामाजिक कार्यकर्ता हो चाहे जनप्रतिनिधी हो संबंधित विचार जैसे कृषि प्रणाली, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन से संबंधित जो कृषक हित में हो पर विचार किया जाए। गंगाधर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में यांत्रिकीकरण का इस्तेमाल कर देश विकास में योगदान दे सकते हैं।

# समिति से बचने मेडिकल का सहारा, स्कूल जाने के लिए फिट

**जगदलपुर, 4 जनवरी।** जगदलपुर बस्तर संभाग के सुकमा जिला अंतर्गत एर्राबोर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रभारी प्राचार्य के. रामा यशवंत के जाति प्रमाण पत्र मामले में अब नया ट्विस्ट आ गया है। हालिया उपस्थिति तिथि पर वे मेडिकल की आड़ लेकर समिति के समक्ष हाजिर नहीं हुए, लेकिन स्कूल बराबर पहुंच रहे हैं। यानि इसमें भी फर्जीवाड़ा।के. रामा यशवंत पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल करने का आरोप है। शिकायत के आधार पर के. रामा यशवंत को अपनी जाति प्रमाणित करने के लिए जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के समक्ष पेश होने कई दफे नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन हर बार वे कोई न कोई बहाना बनाकर समिति के समक्ष पेश नहीं होते। पिछली बार समिति ने उन्हें नोटिस जारी कर 26 दिसंबर को वंशावली, मिसल रिकॉर्ड, कोटवार दस्तावेज व अन्य प्रमाणों के साथ बुलाया था। तब के. रामा यशवंत मेडिकल आधार पर पेश नहीं हुए। इस बीच एक नया खुलासा हुआ है कि प्रभारी प्राचार्य के. रामा यशवंत एर्राबोर के अपने स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि एक फर्जीवाड़ा को छुपाने के लिए उन्होंने दूसरा फर्जीवाड़ा किया है। मेडिकल बेस पर वे छानबीन समिति के समक्ष तो पेश नहीं हो रहे हैं, लेकिन स्कूल बराबर पहुंच रहे हैं। यानि वे बिल्कुल भी अस्वस्थ नहीं हैं और उन्होंने फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट पेश किया है। सुकमा जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एर्राबोर में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य के. रामा यशवंत पिता के. नरसिंह बीजापुर जिले की भोपालपटनम तहसील के ग्राम मद्देड़ के निवासी हैं। उनके जाति प्रमाण पत्र मामले की जांच लंबे समय से चल रही है। उनके खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी हासिल करने की शिकायत शासन से की गई है। पिछले सात माह से उन्हें नोटिस पर नोटिस भेजकर जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति बीजापुर के समक्ष पेश होने और जाति से संबंधित आवश्यक प्रमाण रखने के लिए कहा जा रहा है। के. रामा यशवंत शुरू से ही तरह तरह के बहाने बनाकर समिति के समक्ष उपस्थित होने से बच रहे हैं। वे कभी मेडिकल आधार पर, तो पारिवारिक समस्या का हवाला देकर समिति के सामने उपस्थित होने से बचते आ रहे हैं। 26 दिसंबर 2023 को भी उन्हें उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा गया था, किंतु उस दिन भी पेश नहीं हुए। पता चला है कि उन्होंने मेडिकल लेकर 15 दिन का समय मांगा है। जबकि सूत्र बताते हैं कि के. रामा यशवंत शीतकालीन अवकाश के बाद 1 जनवरी 2024 से लगातार एर्राबोर स्कूल में सेवा देने पहुंच रहे हैं। स्कूल में सेवा देने के लिए पूरी तरह से फिट के. रामा यशवंत को समिति के सामने पेश होने के नाम पर ही आश्चर्यजनक ढंग से बुखार कैसे चढ़ जाता है, यह जांच का विषय है। कहा जा रहा है कि के. रामा यशवंत जाति के फर्जीवाड़े को छुपाने के लिए फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट का भी सहारा लेने लगे हैं। ज्ञात हो कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले 7 कर्मचारियों को शासन द्वारा सेवामुक्त कर दिया गया है। वहीं के. रामा यशवंत अनुसूचित जनजाति आयोग व अन्य कारणों का हवाला देकर जांच कमेटी के पास जाने से बचते आ रहे हैं। वे छानबीन समिति को अपनी जाति प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इससे अब यह साफ होने लगा है कि वे सच्चाई को छुपाने की फिराक में हैं।

#### दर्ज होगा धोखाधड़ी का मामला ?

के. रामा यशवंत जिस तरह जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति की आंखों में धूल झोंकते आ रहे हैं, उसे देखते हुए उनके खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक मामला भी दर्ज कराया जा सकता है। कहते हैं सांच को आंच नहीं, तो फिर समिति के सामने पेश होने में डर कैसा? अगर सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए के. रामा यशवंत ने कोई गलत दस्तावेज पेश नहीं किए थे, फर्जी जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया था, तो उन्हें पहला नोटिस मिलते ही निर्धारित तिथि पर जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के समक्ष उपस्थित हो जाना चाहिए था, अपनी जाति से जुड़े सारे वांछित प्रमाण समिति को सौंप देने चाहिए थे। तब फिर उनकी ईमानदारी पर उंगली उठाने की जुर्रत कोई नहीं कर पाता।

समाचार संक्षेप

### महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने बैठकआयोजित



**सुकमा, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस. एस के अध्यक्षता में बुधवार को महिला लखपति योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति( डीएलसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने सतत आजीविका पर जोर देने को कहा। योजना में बेहतर क्रियान्वयन लिए कार्योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस योजना के तहत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिए। बैठक के दौरान सतत आजीविका विकल्प विस्तार, कौशल विकास सहित जन योजना अभियान अंतर्गत जीपीडीपी और वीपीआरपी प्रक्रिया के सफल क्रियान्यवयन पर चर्चा हुई, साथ ही वीपीआरपी में आईएनआरएम एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधित मांगों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार के सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप सहित कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, इसमें से एक है लखपति दीदी योजना है, सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप से जुड़ी महिलाएं लखपति दीदी योजना के तहत अपना काम कर न केवल खुद आत्मनिर्भर होंगी और अन्य महिलाओं को भी रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में काम करेंगी। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप, जनपद छिंदगढ़सीईओ श्री जी एस जांगड़े, जनपद सुकमा सीईओ सहित मनरेगा, एनआरएलएम,पशु चिकित्सा, कृषि,पंचायत, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विकास, पीपीआईए फेलो सौरभ कुमार और अत्रेय कर्महे और अन्य सभी संबंधित डिपार्टमेंट के सदस्य उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए किया जा रहा पंजीयन



**सुकमा, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुडे शिल्पकारों एवं कारीगरों का पंजीयन ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीयन उपरांत उन्हे परम्परागत व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान, ऋण आदि से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्रों में जाकर आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, बैंक पासबुक, राशन कार्ड के साथ पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे ऋण लेकर कारोबार शुरू कर सकेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों-बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को शामिल किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम कावरा कोपा और प्रेरमारास पहुंची



**सुकमा, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के ग्राम कावरा कोपा और प्रेरमारास में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान 2047 तक विकसित भारत बनाने की शपथ ली गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड आजीविका मिशन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजनाओं पर प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। साथ ही पीएम उज्जवला योजना के तहत नवीन पंजीयन, आधार कार्ड प्रमाणीकरण के साथ स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



### कोडरीपाल से किसानों को नहीं मिले धाने बेचने के लिए टोकन

**छिंदगढ़, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लाक मुख्यालय से लगे ग्राम कोडरीपाल के धान खरीदी केंद्र में किसान धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिलने से परेशान हैं। किसानों ने बताया कि वे करीब 15 किमी दूर से धाने बेचने टोकन लेने आ रहे हैं जिससे उन्हें खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इधर धान खरीदी के केंद्र कभी बिजली तो कभी लेबर का बहाना बनाकर उन्हें वापस भेजा जा रहा है किसानों ने बताया कि बीते 24 दिनों से वे धान बेचने टोकन के लिए कोडरीपाल केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। रोजाना कोटन के घंटों इंतजार में सैकड़ों किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले के एक बंधक मजदूर की तमिलनाडु से हुई सकुशल वापसी

**कांकेर, 4 जनवरी।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार श्रम विभाग की टीम द्वारा जिले के एक बंधक श्रमिक को नामक्कल तमिलनाडु से वापस लाया गया। कलेक्टर डॉ. शुक्ला द्वारा जिले के दुर्गूकोन्दल विकासखण्ड के ग्राम कराकी निवासी श्री अजय कुमार जाड़े पिता श्री धर्मेन्द्र कुमार जाड़े को बंधक बनाने के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए गठित टीम द्वारा बंधक श्रमिक को मुक्त कराने हेतु एस.एस.बी. पोल्ट्री फार्म जिला नाकक्कल तमिलनाडु के लिए रवाना किया गया था। जिसमें पाया गया कि पिछले 06 महीनों से 14 श्रमिकों को बिना मजदूरी दिये काम कराया जा रहा था।

# संस्कार शिक्षा और संस्कृति का समागम है वार्षिक उत्सव:रविन्द्र





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 4 जनवरी।** संस्कार शिक्षा और संस्कृति का समागम वार्षिक उत्सव होता है,यह हर उस संस्था के लिए गर्व की बात है जो अपने क्षेत्र मे लंबे अंतराल तक किसी भी वस्तु की सेवा जन-जन तक पहुंचाते है,लिटिल रोज स्कूल का इतिहास कई दशक पुराना है। यहा से शिक्षा हासिल कर बच्चे आज जीवन के एक बेहतर मुकाम पर पहुंचे हुये है,इसका श्रेय स्कूल के शिक्षको के अलावा संचालक को भी जाता है। बधायी के पात्र है संचालक जिन्होने जिले के नाम का रौशन करते हुये यहा पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल की 34 वर्ष पूर्व शुरूवात की थी। यह बातें लिटिल रोज सी.बी.एस.सी स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान छ.ग.सहकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया ने बच्चो के अभिभावक एवं अन्य अतिथीयों को संबोधित करते हुये कही। आज यहा के सबसे बडे अंग्रेजी माध्यम स्कूल लिटिल रोज मे 34वां वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया था,जिसके मुख्य अतिथी महाकुल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डमरूधर यादव थे,विशिष्ट अतिथी के रूप मे सहकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया,अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पूजा अग्रवाल मौजुद थी। कार्यक्रम की शुरूवात मे अतिथीयों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजवल्लित किया गया,जिसके बाद स्कूल के के.जी.1 से लेकर महाविद्यालय तक की छात्राओ ने एक से बढकर एक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूवात मे नन्हे बच्चो ने सभी का मन मोह लिया,उनकी कला का प्रदर्शन देखकर अतिथी तालियों से उत्साह वर्धन किये। कार्यक्रम के बीच मे अतिथीयों द्वारा स्कूल के बच्चे एवं मौजुद अभिभावको के संबोधन भी कराया जा रहा था।।

**नींव की सिंचाई जरूरी-** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओ को संबोधित करते हुये कहा कि किसी भी पेड की शाखे मजबुत तक होती है जब उसकी जडो मे बेहतर ढंग से सिंचाई की जाती है। स्कूल भी एक वृक्ष का रूप है,बच्चो को यदि छोटी क्लासो से ही शिक्षा के साथ संस्कार का समन्वय बनाते है तो निश्चित ही वह बच्चा आगे चलकर देश दुनिया की बागडोर संभाल सकता है। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पूजा अग्रवाल ने स्कूल की प्रशंसा करते हुये कहा कि ये हमारे लिए गर्व की बात है कि हमे छोटे कस्बो मे रहकर अंग्रेजी माध्यम की शहरो जैसी शिक्षा प्राप्त हो रही है,इस ईमारत को हमेंशा बनाकर रखने मे शिक्षको का योगदान जरूरी है।।

**शुरूवात में आई अडचने-** स्कूल के संस्थापक पवन अग्रवाल ने स्कूल की नींव रखने से लेकर 34 वर्षो के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि तीन दशक पूर्व अंग्रेजी माध्यम की पढाई का स्कूल शुरू करना बेहद कठिन कार्य था,उस दौरान अंग्रेजी के शिक्षको का बेहद अभाव रहा करता था,भवन की किल्लत के कारण एक छोटे से कच्चे का मकान मे अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरूवात की गयी। बच्चो का उज्जवल भविष्य एवं शिक्षको की मेहनत से आज स्कूल नये आयाम गढ रहा है,यहा से निकलने वाले दो दर्जन से भी अधिक बच्चे आज जैसे बडे औहदो पर अपनी सेवायें दे रहे है।।

## एक नजर

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 4 जनवरी।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संसोधित 2021) योजना की कंडिका -11 अनुसार विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु जिला स्तर पर चयन परीक्षा आयोजित कर चयन किया जाना है। वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा जिला स्तर पर आयोजित किया गया है। उक्त चयन परीक्षा में केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राएं जो कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत हो एवं कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हो केवल वहीं छात्र/छात्राएं परीक्षा में बैठने हेतु पात्र होंगे। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर पात्रताधारी छात्र/छात्राओं से प्राप्त संपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी साफ्ट/हार्ड कापी निर्धारित प्रपत्र में 07 फरवरी 2024 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग बीजापुर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री जनमन शिविर का हो रहा आयोजन



**रायगढ़, 4 जनवरी।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम जनमन के तहत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की गई है। योजना के तहत लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला और पारा तक पहुंच कर सहज तरीके से लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें नवीन आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, वन अधिकार पट्टा वितरण आदि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के द्वार तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।इसी कड़ी में जनपद पंचयत धरमजयगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड के कुम्हीचुवां, दर्रीडीह, सिवार, ढोढागांव, रायमेर, नकना, खम्हार, सोहनपुर, खर्रा, कीदा, कटाईपाली डी, जबगा, रूंवाफूल, ओंगना, जमरगा व जमरगीडी ग्राम पंचायतों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय पंचायतों में 01 से 05 दिसम्बर तक प्रधानमंत्री जनमन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज ग्राम पंचायत कीदा व खर्रा में जनमन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धरमजयगढ़ श्री शिव कुमार टंडन द्वारा बिरहोर समाज को 17 जाति प्रमाण पत्र एवं 02 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत ढोढागांव बसाहट बसंतपुर में 41 जाति प्रमाण पत्र एवं 20 जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत कटाईपाली डी आश्रित ग्राम सकरलिया में 15 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 जन्म प्रमाण-पत्र तथा ग्राम पंचायत रायमेर में 10 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी सहित शासन के अन्य समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे उक्त ग्राम में निवासरत विशेष पिछड़ी, जनजातियों को लाभान्वित किया गया है। जिला स्तर से श्री कुमार तीर्थ बुद्ध क्षेत्र संयोजक शिविर के नोडल भी उपस्थित रहे।

### शीतलहर एवं ठंड से बचाव के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

**रायगढ़, 4 जनवरी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शीतलहर एवं ठंड से बचाव के लिए विशेष तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को जारी किया है। शीत लीहर एवं ठंड से बचने के उपायों के तहत पर्याप्त मात्रा में गरम कपड़े रखें। ओढ़ने के लिए बहुपरत (कई परत) के कपड़े भी उपयोगी है। आपातकाल की आपूर्ति हेतु तैयार रहे। यथासंभव घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। सूखा रहें। यदि गीले हो जाएँ तो शरीर की गर्मी को बचाने के लिए शीघ्रता से कपड़े बदलें। निरंगुल दस्ताने को चुने, निरंगुल दस्ताने ठंड में ज्यादा गरम और ज्यादा अच्छा रक्षा कवच होता है। मौसम की ताजा खबर के लिए रेडियो सुने, टीवी देखें और समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गरम पेय सेवन करें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें। ठंड में पाइप जम जाता है,

# मुख्यमंत्री साय से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता ने की सौजन्य मुलाकात



रायगढ़, 4 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता श्री सुभाष त्रिपाठी ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि शहीद कर्नल श्री विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के सामने स्थापित की गई है। साथ ही स्मृति पट भी स्थापित की गई है। श्री त्रिपाठी ने प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री को निमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि रायगढ़ जिले के वीर सपूत शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगी। उनकी प्रतिमा अनावरण के अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए गौरव की बात होगी। इस दौरान शहीद कर्नल त्रिपाठी के मामा श्री राजेश पटनायक एवं गोकुल पटनायक भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि कर्नल त्रिपाठी ने वर्ष 2003 में कुमाउ रेजीमेंट में कमीशन लिया था। वे सियाचिन, कुपवाड़ा, नौशेरा, कांगो, मथुरा, वेलिंगटन आदि विभिन्न पदस्थापना में कार्यरत रहे। 13 नवंबर 2021 को म्यांमार सीमा से लगे बिहांग में अलगाववादी समूहों द्वारा घात लगाकर किये गये हमले में अपने जवानों को बचाते हुए अंतिम गोली तक मुकाबला करते हुए अपनी पत्नी अनुजा एवं बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।

# राजीव को मिला पीएम आवास योजना का लाभ



**रायगढ़, 4 जनवरी।** हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसके पास खुद का पक्का मकान हो, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए यह सोच केवल एक सपना ही बनकर रह जाता था। लेकिन लोगों की वहीं सपने को साकार कर रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना। जिसके घर में खुद का पक्का मकान नहीं था, आज उनके पास खुद का पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। इसी तरह अधूरे पड़े मकानों के लिए भी राशि स्वीकृत होने के पश्चात मकान तैयार हो रहे है।

तहसील पुसौर के ग्राम-जकेला निवासी श्री राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि घर तो था लेकिन मिट्टी का, जिसकी वजह से बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के दिनों में जैसे बारिश का पानी टपकना, बंदरों का खपरैल के घर में कूदने से नुकसान होना, जहरीले कीड़ो की समस्या बनी रहती थी। खूब पानी गिरने से कई रात तो नींद नहीं पड़ती थी और मन में डर लगा रहता था कि कही घर को नुकसान तो नहीं होगा। लेकिन वो सभी चिंता दूर हो गई प्रधानमंत्री आवास योजना से। उनका मकान पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है वह पक्का मकान पाकर काफी प्रफूल्लित है एवं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पक्का आवास दिलाने के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी तरह जकेला की श्रीमती शारदा प्रधान ने बताया कि वे परिवार के साथ अपने कच्चे व जर्जर आवास में निवास कर रही थी।

# गोढ़ीकला में सभी ने विकसित भारत बनाने की शपथ ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 4 जनवरी।** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत ग्राम पंचायत गोढीकला मे दिन बुधवार को शासकीय विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारीयों के अलावा गांव के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमे 2047 तक भारत को विकसित भारत की श्रेणी मे लाने की शपथ दोहरायी गयी। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथी शहर मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल मौजुद थे, विशिष्ट अतिथी की भूमिका मे गांव की सरपंच मुन्नी सिदार मौजुद थी,सभी ने शपथ लेते हुये भारत को विकसित देश बनाने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी अनिल मित्तल ने बताया कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना मुख्य उददेश्य है,उनका कहना था कि केन्द्र सरकार की योजनाओ को छोटे शहरो के अलावा गांव कस्बो तक पहुंचाना है। उन्होने बताया कि चुनाव से पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ की जनता से जो वादे कर अपनी गारंटी दी थी उसे अब छत्तीसगढ की भाजपा सरकार पूरा करने मे जुट गयी है। भाजपा की सरकार गरीब किसान एवं समाज के विभिन्न वर्गो की मदद के लिए हमेंशा आगे है,स्वतंत्रता के बाद विकास का लाभ कुछ शहरो तक ही सिमित था,लेकिन भाजपा की सरकार छोटे शहरो के अलावा गांव कस्बे तक शासन की योजनाओ का लाभ पहुंचा रही है,उनका कहना था कि छोटे शहर एवं कस्बो के विकास से ही विकसित भारत की नींव मजबुत होगी। उन्होने केन्द्र सरकार की काफी लंबी योजनाओ को ग्रामीणो के बीच रखकर हर व्यक्ति को उसका लाभ लेने की बात कही। उन्होने शासकीय विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारीयों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहित मे लागू योजनाओ का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश दिये। उनका कहना था कि यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लाभांवित योजनाओ का लाभ क्षेत्र के हर वर्ग से जुडे लोगो तक पहुंचना चाहिये।

# नगद लेनदेने मामले में रायगढ़ के 7 एवं लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को नोटिस

■ **निर्वाचन अवधि के दौरान प्रचार कार्य में 10 हजार रूपये से अधिक नगद लेनदेन का मामला**

**रायगढ़, 4 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के 7 एवं विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनुदेश का उल्लंघन करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रचार कार्य में 10 हजार रुपये से अधिक नगद भुगतान के मामले को लेकर नोटिस जारी किया है। उपरोक्त संबंध में पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर संबंधित अभ्यर्थी को अपना स्पष्टीकरण/जवाब इस कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के अधीन निरर्हित घोषित किए जाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ से आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी श्री गोपाल बापोड़िया, बहुजन समाज पार्टी के श्रीमती पुष्पलता टण्डन, हमर राज पार्टी से श्री भवानी सिंह सिदार, निर्दलीय श्री सुरेन्द्र सिदार, निर्दलीय श्री इबरार अहमद, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.)से मधुबाई, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से श्री सुनील मिंज तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया, निर्दलीय श्री महेन्द्र सिदार एवं निर्दलीय श्री भजन सिदार को निर्वाचन के दौरान 10 हजार रूपये से अधिक नगद लेनदेन के संबंध में स्पष्टीकरण दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों/ राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन के संबंध में किए गए एकल लेनदेन अथवा कुल लेनदेन के लिए जारी संशोधन अनुदेश में संपूर्ण निर्वाचन अवधि के दौरान किसी अभ्यर्थी/इकाई के साथ निर्वाचन के संबंध में किए गए एकल लेनदेन अथवा कुल लेनदेन के लिए 10 हजार रूपये से अधिक का व्यय किसी अभ्यर्थी/राजनीतिक दल द्वारा तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि इस प्रकार का भुगतान अभ्यर्थी के निर्वाचन बैंक खाते से जुड़े किसी एकाउंट पेयी चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट अथवा एकाउंट पेयी बैंक ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा अथवा किसी अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से न किया गया हो। जबकि संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा निर्वाचन के दौरान किए गए व्यय से संबंधित व्यय लेखा पंजी 30 दिसम्बर 2023 को जमा किया गया है, व्यय लेखा के पंजी के अवलोकन में पाया गया कि संबंधित के द्वारा कई फर्मो को 10 हजार रुपये से अधिक नगद राशि का भुगतान किया गया है। विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान व्यय अनुवीक्षण से संबंधित आयोजित बैठकों में एवं निर्वाचन व्यय लेखा मिलान हेतु निर्धारित तिथियों में भी निर्वाचन व्यय के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को फोकस करते हुए सभी अभ्यर्थियों/अभिकर्ताओं को जानकारी दिए जाने के उपरांत भी संबंधित अभ्यर्थियों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनुदेश का उल्लंघन करते हुए 10 हजार रुपये से अधिक नगद का भुगतान किया गया है। जिसके संबंध में संबंधित अभ्यर्थी को पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण/जवाब कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए कर सकते है आवेदन

**रायगढ़, 4 जनवरी।** छ.ग.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण)आदेश के प्रावधान अनुसार ग्राम पंचायत में गोतमा, नेतनागर एवं झारमुड़ा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान आबंटित करने हेतु उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसायटियां/महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम पंचायत, अन्य उपभोक्ता सोसायटी को 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समयावधि में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ में आवेदन मंगाये गये है।

## समाचार संक्षेप

### आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम का समापन



**बीजापुर, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गायत्री परिवार बीजापुर शक्तिपीठ द्वारा सुसंस्कृत पीढ़ी के निर्माण के लिए सभी ब्लाकों में गर्भ संस्कार जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। ग्रामीण जनता को गर्भ संस्कार का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया कि गर्भ में बच्चे के मस्तिष्क का 80 प्रतिशत विकास हो जाता है। गर्भस्थ शिशु गर्भ में सुनता है,आवाज ,महक,स्वाद आदि के प्रति प्रतिक्रिया भी दर्शाता है। खुशी ,दुख,तनाव को भी पहचानता है। सबको अवगत कराया गया कि शारीरिक ही नही मानसिक,सामाजिक आध्यात्मिक दृष्टि से स्वास्थ्य कैसे गढ़ा जाय, क्योंकि ने भी इन चारों स्वास्थ्य को स्वीकार किया है इस बारे में बताया गया। ऋ षि परम्परा ,वैदिक काल,इतिहास काल की उन नारियों का उदाहरण देकर गर्भवतियों को बताया गया कि आज भी शिशुओं को मन चाहे सांचे में ढाला जा सकता है। माता पिता शिशु के जेनेटिक इंजीनियर होते है। गर्भवतियों को आदर्श दिनचर्या, योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित, सात्विक, संस्कारित आहार बताए गए। बच्चे के भीतर संस्कार स्थापित करने के 10 तरीके बताए जिसे गर्भ संवाद कहते है। सभी विषयों को दुर्ग से आई गर्भ संस्कार की सक्रिय कार्यकर्ता बहिनें मीनाक्षी विश्वास और यामिनी साहू की टोली ने संपन्न कराया। कार्यक्रमों में 1 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया और साथ ही गर्भवती माताओं को सत्साहित्य अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा पाक्षिक,गायत्री मंत्र लेखन, गर्भ संस्कार की पुस्तिका तथा संस्कारित भोजन बनाने हेतु बलिवैश्य देव यज्ञ स्टीकर निशुल्क दिया गया। 1 सप्ताह तक लगातार आयोजित इस कार्यक्रम में दिनांक 28 दिसंबर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक जिले में कुल 78 गर्भवती माताओं का गर्भ संस्कार हुआ साथ ही लगभग 700 लोगों तक यह संदेश पंहुचा। इस कार्यक्रम के साथ साथ दंतेवाड़ा में 2 से 5 फरवरी तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शक्ति कलश का सभी ब्लाक में भ्रमण कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए अशोक राव, अजीत पटेल, शैलेंद्र भदौरिया, संतोष अग्गीवार, के.जी.सावित्री,पवन सोनी, रूमा देवी, पी.नागेश, पी.निर्मला, कुंवर सिंह मज्जी, सत्यसागर अरिगेला, मोतीराम संड्रा, रुकमणी झाड़ी, टी. हेमलता, नागेश सवरागिरी, पूर्णचंद बेहरा, सहदेव वाचम, दसरू पदामी, संतूराम यादव, रामेश्वरी यादव, जगदेव यादव, सरजू भास्कर,सत्यप्रेम बेंजाम, भीमे इचामी, अर्चना सिंह, गायत्री मरकाम, उर्मिला बीरा, के.सुनीता, महेश नेताम,अच्छेलाल परिव्रजक, मोहनी साहू, सहित जिले के पदाधिकारी खेमिन यादव, के.संतोष,बीरा राजबाबू, रामयश विश्वकर्मा, विजयबहादुर राजभर, जयपाल सिंह राजपूत एवं प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी शंकर कुडियम तथा दंतेवाड़ा की महिला टीम इंदिरा महापात्र, शशिबाला मिश्रा, सरिता मिश्रा, पुष्पा पिस्दा सहित अनगिनत परिजनों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ताओं का गर्भवती माताओं को कार्यक्रम में सम्मिलित कराने हेतु विशेष सहयोग रहा जिन्हे महिला प्रकोष्ठ बीजापुर द्वारा मंच से आभार व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ने बैठक में की योजनाओं की समीक्षा

**बीजापुर, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर



श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होने विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नल-जल आपूर्ति एवं अन्य विकास कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की । कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, सभी एसडीएम एवं सभी जनपद सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पंजीयन के पूर्ण दस्तावेज जमा करने में प्रगति लाने की बात कही। इसके लिए जिले के पहुंचविहीन ग्रामों में आधार कार्ड, बैंक पासबुक बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। आकांक्षी ब्लाक उसूर में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के कार्यो में तेजी लाकर विकास काम किये जा रहे हैं। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी की मांग पर उसूर ब्लाक के ग्राम मुरदण्डा, लिंगागिरी, तर्रेम एवं एंगपल्ली के अस्पताल में बॉड्रीवाल या तार फेंसिग के लिए कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया।कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वही अस्पताल का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करें। जिले के शासकीय संस्थाएं जैसे- स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पंचायत, हास्पिटल एवं आंगनबाड़ी में नल-जल की पूर्ति निरंतर करने की बात कही साथ ही कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला चिकित्सालय बीजापुर एवं ब्लाक के अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभागीय अधिकारियों को कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड, पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, पुरस्कार, निमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, जैसे विभिन्न कार्यो का समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए कहा।

### प्रचार सामग्री के साथ 1 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर, 4 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** दिनांक



02/01/2024 को थाना कुटरू बल के द्वारा तेलीपेंटा मार्ग पर स्ष्ट्क्क की कार्यवाही के दौरान प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री सहित 02 संदग्धि को पकड़ा गया । पकड़े गये संदग्धिों से पूछताछ पर अपना नाम 1.दशरू पोडियाम पिता मोगडू पोड़ियाम जाति मुरिया उम्र 20 वर्ष निवासी नेडवायापारा गुटटामंगी थाना कुटरू 2.विधि से संघर्षरत बालक पकड़े गये संदग्धि के पास रखे थैला से बैनर एवं माओवादी पर्चा बरामद किया गया । पकड़े गये संदग्धिों के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

## एक नजर

### खेत में मिला बुजुर्ग का शव, जांच में जुटी पुलिस

**बलौदाबाजार, 4 जनवरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सुढ़ेला के एक खेत में बुजुर्ग का शव मिला है. मौत का कारण अज्ञात है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. वहीं आसपास के गांव में बुजुर्ग के परिजनों का पता लगाया जा रहा है. जांच अधिकारी एएसआई एमएन बंजारे ने बताया कि बुजुर्ग की उम्र करीब 70 साल लग रही है. ऑरेंज कलर की टीशर्ट और बरमुडा पहना हुआ है. मृतक के एक हाथ में जैतखाम की तस्वीर और रेस कुमार एतवारा बाई लिखा है. वहीं दूसरे हाथ में चिन्ताबाई लिखा हुआ है. एएसआई ने बताया कि मृतक के पास से एक फटा हुआ कंबल मिला है. मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है. मौत का कारण अज्ञात है. शव को पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फिलहाल शव मरच्युरी में रखा गया है. पुलिस मर्ग कायम कर आसपास के गांव में मुनादी कराकर परिजनों की तलाश में जुटी है.

### जिले में कोरोना संक्रमित दो मरीजों की हुई पहचान

**सूरजपुर, 4 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कोरोना एक बार फिर से अपना पांव पसारने गा है। राजधानी रायपुर के अलावा आसपास के जिलों के साथ अब सूरजपुर जिले में भी कोरोना संक्रमण के दो मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सकते में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरएस सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल द्वारा 100 सैंपल की जांच रोजाना की जा रही है उसी के तहत जो सर्दी, खांसी और बुखार वाले मरीज आते हैं उन लोगों के रैपिड डेंटिजन किट से जांच कराया गया था। अब इसमें प्रतापपुर के एक ही परिवार के दो व्यक्तियों में कोविड पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। इन दोनों व्यक्तियों को हमने होम आइसोलेशन में रखा है। फिलहाल उनकी स्थिति अभी ठीक है। वहीं लोगों से अपील की जा रही है कि सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना एवं हाथों को बार-बार धोए और संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें जिससे यह संक्रमण फैल न सके।

### सूदखोर और उसके परिवार ने महिला का पीट-पीटकर फोड़ दिया सिर

**कोरबा, 4 जनवरी।** जिले के बालको क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की सूदखोर और उसके परिवार ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी. घटना में महिला को गंभीर चोटें आईं और उसका सिर भी फूट गया है. मामले में महिला ने जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मेमो के आधार पर बयान दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार, बालको थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला का नाम अंजान सिंह है, जिसने अपने घर के पास ही रहने वाले श्रीकांत मांझी नामक व्यक्ति से ब्याज पर पैसा लिए थे. महिला हर माह नियमित रुप से ब्याज की रकम चुकाती थी लेकिन किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. जिसके बाद सूदखोर का परिवार उसके घर घुसा और मारपीट की घटना को अंजाम दिया. मामले की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू कर दी है.

### अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर नगर निगम करेगा कड़ी कार्रवाई

**कोरबा, 4 जनवरी।** नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बांस बल्ली लगाकर अवैध रूप से विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने पर निगम द्वारा नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सर्वसंबंधितों से अपील की है कि उनके द्वारा अवैध रूप से लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग्स सहित अन्य विविध प्रचार सामग्रियों को दो दिवस के अंदर हटा लेवें, अन्यथा उन पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड के आरोपण सहित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। यहॉं उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमि पर विज्ञापन होर्डिंग लगाने के संबंध में विधिवत निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण कर निविदा में उच्चतम दर प्रस्तुत करने वाले मेमर्स जैन एडव्हर टाईजर्स टी.पी.नगर कोरबा को निगम के टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, दर्री, सर्वमंगला नगर व बांकीमोंगरा क्षेत्र हेतु 05 वर्षीय अधिकार प्रदान किया गया है।

### श्रमिक संघ ने आंदोलन लिया वापस

# निकाले गए मजदूरों की बहाली व गेट पास पर बनी सहमति

**कोरबा, 4 जनवरी।** पुलिस द्वारा लाठी भांजने के बाद आक्रोशित मजदूरों ने काम में पहुंचने के बाद टूल डाउन आंदोलन जारी रखा। इसके साथ ही प्रबंधन के साथ श्रमिक संघ प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं वेतनमान को लेकर उभरी असमंजस की स्थिति को निराकरण करने का आश्वासन दिया। इसके बाद श्रमिक संघ ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा कर दी।

बालको में आऊटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों को वेतन समझौता समेत अन्य मुद्दों पर निर्णय गोपनीय ढंग से लिया गया। जब इसे लागू किया गया, तब मजदूरों को इसकी जानकारी मिली। इस पर मजदूरों ने विरोध दर्ज कराया, साथ ही भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बाल्को कर्मचारी संघ (बीकेएस) के साथ प्रबंध आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया। बीकेएस के महासचिव हरीश सोनवानी ने बताया कि मजदूरों के लांग टर्म सेटलमेंट (एलटीएस) कर लिया गया और इसकी जानकारी मजदूरों को ही नहीं दी गई। अब मजदूरों को नुकसान होने लगा है, तो प्रबंधन को अवगत करा सुधारने कहा। इस पर प्रबंधन द्वारा अनसुना किया जा रहा है। मजदूरों द्वारा चार दिन से संयंत्र के अंदर टूल डाउन आंदोलन किया जा रहा है। इस दौरान प्रबंधन द्वारा समझाइश देने का प्रयास किया, पर मजदूर अपनी मांग पर अड़े रहे।

मंगलवार को मजदूरों ने रैली निकाल कर सीईओ के निवास जाकर ज्ञापन सौंपने व इंटक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने के बाद परसाभाठा में आमसभा करने का निर्णय लिया था। आमसभा के बाद मजदूर संयंत्र के गेट के समक्ष बैठ कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तभी पुलिस ने लाठी भांजी। इससे मजदूर तितर-बितर होकर भाग निकले। बुधवार को मजदूरों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त रहा और ड्यूटी में जाने के बाद भी टूल डाउन आंदोलन में शामिल रहे। इधर प्रबंधन के साथ बीकेएस के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें प्रबंधन ने मजदूरों के एलटीएस समेत अन्य मुद्दों को शून्य करने का आश्वासन दिया। साथ ही जिन मजदूरों का ट्रांसफर किया गया और गेट पास निरस्त किए गए, उन सभी मजदूरों को वापस लेने का भी आश्वासन दिया। सोनवानी ने बताया कि प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता होने के बाद आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया गया। मजदूरों को भी इससे अवगत करा दिया गया है। वार्ता के दौरान प्रबंधन की ओर से मेटल के डिप्टी जीएम आरके सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अवतार सिंह, एचआर की ओर से सुधीर तथा श्रमिक संघ प्रतिनिधियों में उद्योग प्रभारी आरएस जायसवाल, बीएमएस के जिलाध्यक्ष शरद नायर, अध्यक्ष आरएल चंद्रा, हरीश सोनवानी, आशीष चंद्रवंशी, आशीष कुंभकार,पवन शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बाल्कों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियोजित ठेका मजदूरों के वेतन समझौता मामले में प्रबंधन अब बीकेएस से भी वार्ता करेगा। सोनवानी ने बताया कि बाल्को का कहना था कि मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ से चर्चा करने के बाद ही मजदूरों के वेतनमान पर निर्णय लिया जा रहा है, पर मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ की कार्यप्रणाली से मजदूरों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसका बीकेएस ने विरोध जताया है, साथ ही प्रबंधन से कहा है कि मजदूरों के संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पहले बीकेएस को भी इसकी जानकारी देकर चर्चा की जाए, ताकि मजदूरों को उचित ढंग से लाभ मिल सके।



# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर पीएम जन मन योजना के प्रचार रथ को किया रवाना

## रथ के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर पीव्हीटीजी को करें लाभांवितः कलेक्टर

**कोरबा, 4 जनवरी।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जिले में पीएम जनमन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रथ के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने एवं उन्हें योजनाओ से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने प्रचार रथ के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी लेते हुए पीएम जनमन योजना के ब्रोसर, पुस्तिका, पाम्पलेट का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रचार रथ को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। जिससे हितग्राही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर लाभन्वित हो सके। सहायक आयुक्त श्री कसेर ने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों में निवासरत सभी पीव्हीटीजी बसाहटों में जाकर जनजाति लोगों के मध्य पीएम जनमन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर




उन्हें जागरूक करने का कार्य करेगा।

गौरतलब है कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत पीव्हीटीजी बसाहटो में आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को लाभ, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा।

# ग्राम नकटी में हुई शांतिपूर्वक जनसुनवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 4 जनवरी।** अपर बैंड - ग्राम पंचायत नकटी के सरपंच और पंचो ने मे .एमएसएम एंड एसएनडीबी स्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करते हुए कहा की उद्योग लगेगा तो विकास होगा और बेरोजगारी में कमी आएगी।

रायपुर जिला के तिल्दा विकासखंड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत नकटी मे मे.एमएसएम एंड एसएनडीबी स्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड स्थापना को लेकर पर्यावरण जनसुनवाई शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ । उक्त जनसुनवाई में उद्योग स्थापना को लेकरआस पास के ग्रामीणों ने समर्थन किया । जनसुनवाई में ग्रामीणों का पहला मांग है कि क्षेत्रिय बेरोजगारों को 70 प्रतिशत रोजगार मुहैया कराई जावे। वहीं कुछ लोगो ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदूषण पर बल दिया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किया गया है जिनमे क्षेत्रवासीयों रोजगार मिल रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्रिय बेरोजगारों को योग्यतानुसार क्षेत्र में संचालित संयंत्रों में रोजगार मुहैया कराने की मांग किया आये हुए महिलाओं ने प्रबंधन से माहिलाओ और विकलांगो को भी रोजगार देने की बात कही

मे.एमएसएम एंड एसएनडीबी स्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड संयंत्र प्रबंधन? के एम डी ने कहा की उनके द्वारा ग्रमीण छेत्रों में हर संभव विकास कार्य कराया जायेगा और छेत्रिय लोगो को अधिक से अधिक रोजगार दिया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग से मनीष कश्यप, एसडीएम प्रकाश टंडन, नायब तहसीलदार कुम्भकार मे.एमएसएम एंड एसएनडीबी स्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के संचालक सरबजीत होरा, कमलजीत होरा, और ओजस बदवानी अधिकारीगण, बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण, सरपंच,

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्र व शिविर का निरीक्षण

## अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**कोरबा, 4 जनवरी।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी द्वारा कोरबा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर आमजनो को पहुँचाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक राज तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी उपस्थित थे।

डॉ केशरी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार उन्होंने सरडीह, बगरीडाँड़ में पीव्हीटीजी वर्ग के स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर एवं सोलवा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा की स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना का जायजा लेते हुए शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया टेस्ट, लक्षण युक्त मरीजों की टीवी स्क्रीनिंग तथा 30 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का बीपी, शुगर जांच करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सुकमा, (छ.ग.)**

**( जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला-सुकमा )**

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'**

**नि.क्र.256/नि.प्र./जेजेएम/डी.डब्ल्यू.एस.एम./लो.स्वा.यां.ख./सुकमा**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम योजनांतर्गत निर्धारित शेड्यूल अनुसार पाईप लाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों एवं 150 मि.मि. व्यास 120 मीटर गहरा नलकूप खनन कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | निविदा क्र./ सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 256/149936 | 44.12 | गोंदपल्ली/कोण्टा/तृतीय निविदा |

**नोटः-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदि विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 10.01.2024 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**सुकमा**

**जी-06869/3**


### पौंसरा, ढपढप, तुमान सहित विभिन्न ग्रामों में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

# योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे शिविर

- ड्रोन डेमोन्सट्रेशन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया छिड़काव का किया गया प्रदर्शन
- शिविर में क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित

**कोरबा, 4 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड कटघोरा के ग्राम पौंसरा और ग्राम ढपढप में, जनपद पंचायत करतला के तुमान व ढोंढ़ातराई में, विकासखंड कोरबा के ग्राम कोलगा व सोलवां में, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दम्हामुड़ा व छिंदिया/बाबूपारा में, विकासखंड पाली के ग्राम नगोई, भादा, लोहडिया और मुढ़ाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी




पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

करतला के तुमान व ढोढ़ातराई निर्धारित शिविर कार्यक्रम में वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि ड्रोन डेमोन्सट्रेशन व स्वॉइल हेल्थ कार्ड डेमोन्सट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन डेमोन्स्ट्रेशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर आमजनों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ई. कोट क्र.
202312090100001
अ/21 वर्ष 2023-24

## ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बुधराम मडावी पिता प्यारी राम मंडावी, निवासी ग्राम ठेकवा, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम ठेकवा, प.ह.नं. 10, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं 1/2 रकबा 0.7280 हे. भूमि को पुत्री के विवाह में हुये कर्ज, कृषि कार्य हेतु ट्रेक्टर क्रय करने हेतु एवं अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व सहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है, है जो जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति के पास विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15/01/2024 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया !

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)**

**Phone No. 07723-223731, E-mail:eephe-mah-cg@nic.in**

क्र.16/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2023/महासमुन्द दिनांक 02/01/24

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) की निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नामः-** **महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजनाओं के समस्त कार्य।**

| निविदा क्रमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 147/ 02.01.2024 | 150673 | ग्राम रामपुर सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना वि.ख. पिथौरा (प्रथम आमंत्रण) | 53.61 |
| 148/ 02.01.2024 | 150674 | ग्राम सुकुलबाय रेट्रोफिटिंग सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना वि.खं. महासमुन्द (प्रथम आमंत्रण) | 57.41 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22.01.2024 सायं 5:30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 29.01.2024।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**महासमुन्द (छ.ग.)**

**जी-06859/6**

## एक नजर

### मारपीट में घायल युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 4 जनवरी।** नया रायपुर स्थित प्रिमियम विदेशी मदिरा दुकान में शराब लेने के दौरान 9 लोगों ने एक राय होकर एक युवक से मारपीट किया था। जिसमें युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफहत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गौकरण यादव 35 वर्ष ग्राम बरौंदा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह शराब खरीदने के लिए नया रायपुर स्थित प्रिमियम विदेशी मदिरा दुकान गया था। जहां आरोपी सुनील पाल सहित अन्य 8 लोगों ने एक राय होकर किसी बात को लेकर गौकरण से गाली-गलौज कर मारपीट किया। जिससे गंभीर रूप से घायल गौकरण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 147, 148, 323, 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 4 जनवरी।** डूंडा स्थित स्वाति कॉम्पलेक्स ओम इंटरप्राइजेस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार रुपए सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रशांत तिवारी 39 वर्ष विकाश विहार रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी डूंडा में स्वाति कॉम्पलेक्स में ओम इंटरप्राइजेस नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर कॉपर वायर व नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### चर्च के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 4 जनवरी।** टाटीबंध स्थित चर्च के सामने खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजू साहू 43 वर्ष फेस-2 कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचवी 2018 को टाटीबंध स्थित चर्च के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री अपलोड करने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 4 जनवरी।** सोशल मीडिया फेसबुक पर अश्लील वीडियों अपलोड करने वाले दो आरोपियों के खिलाफराजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने विभिन्न सोशल मीडिया फेसबुक पर महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील सामाग्री अपलोड करने के मामले में मोबाइल क्रमांक 95895-94524 के धारक तामेश्वर पटेल व 99775-60766 के धारक रिषभ जैन के खिलाफआईटी की धारा 67 ए, 67 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान से हजारों रुपए के गहने पार

**रायपुर, 4 जनवरी।** भनपुरी स्थित वारणसी ज्वेलर्स में अज्ञात दो व्यक्ति ने जेवर खरीदने के बहाने 4 नग मंगलसूत्र और एक टॉप्स पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अवधेश वर्मा 62 वर्ष होलीक्रॉस स्कूल के पास कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का भनपुरी में वारणसी ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाात है कि अज्ञात दो व्यक्ति प्रार्थी के दुकान में आए और जेवर खरीदने के बहाने 4 नग सोने का मंगलसूत्र और एक टॉप्स पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक पुलिस ने ईदगाहभाठा मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी देवानंद जोशी 27 वर्ष व आयुश वैष्णव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी दिनेश बारले 22 वर्ष व अश्वनी सोनवानी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी नंद कुमार धीवर 40 वर्ष व सनत कुमार मारकण्डे 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफअभियान छेड़कर अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 157 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने ग्राम सलौनी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी महेन्द्र नारंग 45 वर्ष व गणेशराम तारक 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 61 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह कबीरनगर पुलिस ने आदर्श चौक में आरोपी किशन क्षत्री 24 वर्ष के पास से 32 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी शंकर लाल जांगड़े के पास से 21 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# जमीन की फर्जी रजिस्ट्री रोकने बनाया जा रहा नया साफ्टवेयर

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 4 जनवरी।** आईटी सेक्टर में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नेशनल इंफॉरमेंशन ब्यूरो द्वारा महानिरीक्षक पंजीयन भूमि कार्यालय के लिए नया साफ्टवेयर बनाया जा रहा है। इस साफ्टवेयर में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री सहित अन्य अनुचित कार्यों को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। ज्ञात रहे भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा इस विभाग के लिए बनाया गया साफ्टवेयर सही नहीं था जिसके चलते काफी गड़बड़ियां सामने आई थी।

मिली जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पंजीयन एवं भूमि कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री, खरीदी-बिक्री सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। वर्षों पुराने जमीन का रिकार्ड भी निकलवाया जाता है। राज्य बनने के बाद जमीन खरीदी-बिक्री में काफी तेजी आई है। राजधानी के कई वकील, बिल्डर एवं नेता साठगांठ कर जमीन बेचने खरीदने के धंधे में लग गए हैं। जिसके चलते नई राजधानी, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, चांपा-जांजगीर तथा रायगढ़ में गोरखधंधा पनप रहा है। जमीन की रजिस्ट्री के लिए निर्धारित शुल्क पटाने के बाद ऑनलाईन रजिस्ट्री पिछले सरकार ने शुरू की थी लेकिन तकनीकी कारणों से यह काम सफल नहीं हो पाया।

जमीन खरीदने बेचने के बाद शासकीय प्रक्रिया महानिरीक्षक पंजीयन एवं स्टाम्प शुल्क कार्यालय द्वारा की जाती है। जिलों में पदस्थ जिला पंजीयन अधिकारी व सहायक पंजीयन, सब रजिस्ट्रार पदस्थ होते हैं। फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए अंगूठे का चिन्ह भी लिया जाता है। पंजीयन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह काम तहसीलदार भी बखूबी कर सकता है। अंगूठे के निशान देखकर से भूमि मालिक का भुगतान करवाना चाहिए ताकि कोई गड़बड़ी न हो। जिला पंजीयन कार्यालय में स्पष्ट रूप से लिख दिया गया है कि किसी भी फर्जी रजिस्ट्री के लिए कोई अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। यह सिलसिला अब जिलों में भी चल रहा है। विभाग के अधिकारी अपने आप को तकनीकी रूप से बचाने के लिए वकीलों से कई दस्तावेज बनवा लेते हैं। बिल्डर, वकील और अधिकारी इस कार्य को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

कबाड़



रायपुर, 4 जनवरी। बूढ़ातालाब में लगाया गया फ्लोटिंग फौव्वारा रखरखाव के अभाव में कबाड़ हो गया है।

# 12वीं तक के विद्यार्थियों को मुफ्त पुस्तक

## 9वीं के बच्चों को निःशुल्क साइकिल, प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग



**रायपुर, 4 जनवरी।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश हित में बड़े निर्णय लिए। कक्षा 9वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में निःशुल्क सायकल तथा 12वीं तक पाठ्य पुस्तकों के निःशुल्क वितरण के निर्देश दिए हैं।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व सचिव पी. अंबलगन, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सचिव एवं संचालक राजेश सिंह राणा, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक सुनील जैन, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक इफ्फत आरा, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव वी.के. गोयल, एवं उच्च शिक्षा आयुक्त शारदा वर्मा, राज्य पर्यटन प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला, विभाग के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा मकसद है। शिक्षा विभाग में पिछली भर्ती में बचे हुए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की प्रक्रिया को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए अग्रवाल ने कहा कि अब 9वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता के सायकल निःशुल्क वितरित किए जाएंगे तथा स्कूलों में एयर-पम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। अग्रवाल ने अधिकारियों को 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भी देने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे हों। इस बैठक में मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के मेधावी छात्रों नियमित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पर प्रोत्साहन राशि 15 हजार रूपए से बढ़ा कर 25 हजार रूपए करने का निर्णय भी लिया गया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू

- ईवीएम, वीवीपैट के लिए पहुंची नई बैटरियां
- वेबकास्टिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 4 जनवरी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी तैयारियां शुरू हो गई है। सभी मतदान केंद्रों में लगे ईवीएम के लिए नई बैटरियों की आपूर्ति कर दी गई है। आयोग ने सुरक्षा एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित अन्य कार्यों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव चालू वर्ष में होने हैं। अभी चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियों के लिए प्रति दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिशा-निर्देश देना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव के लिए 23400 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन सभी मतदान केंद्रों में इन मशीनों को फिर से शुरू करने के लिए नई बैट्री की आपूर्ति कर दी गई है। कुल बैट्री की मांग से ज्यादा बैटरियां भेज दी गई है। अब यह बैटरियां जिला स्तर पर भेजी जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार 6 हजार मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। यह भी चालू रहेगी। इससे आयोग सीधे मतदान की प्रक्रिया पर निगरानी रखता है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या के अनुपात के आधार पर संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि की जाएगी ताकि सुरक्षाबल ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध हो सके। राज्य में जगदलपुर संभाग के अंतर्गत दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर तथा मानपुर-मोहला जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं। निर्वाचन आयोग की तिथि घोषित होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

### मतदाता सूची बनाने वाले अधिकारी कर्मचारी नहीं हटाए जाएंगे

आयोग के अनुसार जिन कर्मचारियों की ड्यूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाई गई है उन्हें नहीं हटाया जाएगा। वर्तमान में सहायक निर्वाचन अधिकारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार तथा महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाया गया है। शिक्षकों की ड्यूटी के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश है कि उनसे गैर शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जाए। छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीट हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा का हसदेव मार्च को समर्थन

**रायपुर, 4 जनवरी।** संयुक्त किसान मोर्चा ने 7 जनवरी को हसदेव में आयोजित नागरिक प्रतिरोध मार्च का समर्थन करते हुए इस क्षेत्र के सभी कोयला ब्लॉकों का आबंटन रद्द करने की मांग की है। किसान मोर्चा ने हसदेव से संबंधित मुद्दों पर चिंता रखने वाले सभी संवेदनशील नागरिकों, ट्रेड यूनियनों, सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं, आदिवासी, दलित और किसान संगठनों से इस प्रतिरोध मार्च का समर्थन करते हुए इसमें हिस्सा लेने की अपील की है।

आज यहां जारी एक प्रेस बयान में संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा है कि हसदेव में एक भी पेड़ की कटाई केंद्र और राज्य सरकार दोनों की सहमति के बिना नहीं हो सकती, इसलिए नव निर्वाचित भाजपा सरकार पिछली कांग्रेस सरकार पर दोषारोपण करके बच नहीं सकती। भाजपा सरकार को विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव का पालन करना चाहिए, जिसमें हसदेव को खनन मुक्त रखने का संकल्प किया गया है। इसके लिए हसदेव क्षेत्र के सभी कोयला खदानों का आबंटन रद्द किया जाना चाहिए। खनन के लिए अपनी स्वीकृति न देने के लिए भाजपा राज्य सरकार से अपील करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा है कि आदिवासी हितों की रक्षा करने, पर्यावरण और जैव विविधता को बचाने के लिए हसदेव क्षेत्र में खनन परियोजनाओं पर पूर्ण विराम लगाया जाना जरूरी है।

संयुक्त किसान मोर्चा की समन्वय समिति की आज हुई बैठक ने ट्रक ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा है कि केंद्र में काबिज भाजपा सरकार आम जनता के साथ विचार विमर्श किए बिना और संसदीय प्रक्रिया को नजरंदाज करके, केवल अपने बहुमत के बल पर तानाशाहीपूर्ण तरीके से देश के कानूनों में जन विरोधी और कॉर्पोरेटपरस्त बदलाव कर रही है। किसान मोर्चा ने नए परिवहन कानून को वापस लेने की मांग की है। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदेश में बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। किसान मोर्चा ने बिना किसी वैकल्पिक योजना के पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा लागू सामाजिक कल्याण योजनाओं पर भाजपा सरकार द्वारा रोक लगाए जाने की निंदा की है और न्याय योजना के तहत बजट में किसानों के लिए स्वीकृत इनपुट सब्सिडी को वितरित करने की मांग की है। समन्वय समिति ने कहा है कि वैकल्पिक कृषि नीतियों पर पूरे प्रदेश में एक पखवाड़े का अभियान चलाकर 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैलियां आयोजित करने की रूपरेखा बनाई जा रही है।

# बांग्लादेशी विमान की नीलामी की तैयारी

## 180 करोड़ रुपए कीमत, साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा है पार्किंग शुल्क



**रायपुर, 4 जनवरी।** ढाका से मस्कट जा रहे बांग्लादेशी एयरलाइंस का विमान रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद करीब 8 साल से रायपुर एयरपोर्ट पर खड़ा है। तीन एयरपोर्ट डायरेक्टर बदलने के बावजूद अभी तक यह विमान रायपुर से बांग्लादेश के लिए रवाना नहीं हुआ है। वहीं अब बांग्लादेशी विमान की नीलामी की तैयारीया हुई शुरू हो गई है। विमान की कीमत करीब 180 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि बांग्लादेशी कंपनी पर पार्किंग और अन्य तकनीकी शुल्क के रूप में बकाया राशि 3.50 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जिसकी पार्किंग शुल्क विमान बेचकर चुकाई जाएगी।

बता दें कि ढाका से मस्कट जा रहे यूनाइटेड बांग्लादेश एयरलाइंस विमान की 7 अगस्त 2015 की आपात स्थिति में रायपुर एयरपोर्ट में लैंडिंग कराई गई थी, जिसकी पिछले 8 वर्षों से खड़े बांग्लादेशी विमान की ई-नीलामी की तैयारी की जा रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से निर्देश मिलने के बाद रायपुर विमानतल अथारिटी ने कानूनी सलाहकारों से इस संबंध में चर्चा कर ली है। अब तक भारतीय विमानपतन प्राधिकरण और स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन ने विमान हटाने कंपनी को 75 से अधिक पत्र व ईमेल भेज दिए है अब जल्द ही विमान नीलाम हो जाएगा।

# विद्यार्थियों को दी गई तारामंडल की जानकारी




**रायपुर, 4 जनवरी।** रायपुर के भूगोल विभाग एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में 2 व 3 जनवरी को तारामंडल प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें तारों एवं नक्षत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें विशेषतः ध्रुव तारे, सप्त ऋषि तारामंडल, वृश्चिक राशि, धनु राशि आदि ज्योतिष राशियों का वैज्ञानिक आधार पर प्रदर्शन किया गया। तारों के माध्यम से दिशाओं को पहचाना, ग्रहों एवं उपग्रहों के संदर्भ में रोचक जानकारी विद्यार्थियों को सरल भाषा में दी गई एवं साथ ही प्रदर्शित भी किया गया। उक्त प्रदर्शनी में रायपुर के पांच शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं कलिंग विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें नाइजीरिया, घाना आदि देशों से आए विद्यार्थी भी प्रदर्शनी से लाभान्वित हुए। उक्त प्रदर्शनी में महाविद्यालय की सभी सकाय की छात्राओं ने एवं विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने तारामंडल की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने उक्त तारामंडल की प्रदर्शनी हेतु छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से संजय जोशी एवं उनकी समस्त टीम का का आभार प्रदर्शन किया एवं प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर शीला श्रीधर को बधाई दी द्य उक्त प्रदर्शनी में भूगोल विभाग की डॉ कल्याण रवि, डॉ कल्पना लांबे, डॉ प्रीति बाला जायसवाल एवं रामदयाल ध्रुव उपस्थित थे।

# राजधानी में 'गैंग्स ऑफ रायपुर'



**रायपुर, 4 जनवरी।** ट्राइबल वॉरियर प्रोडक्शन एवं के. एस. के. वर्क्स की प्रस्तुति आगामी हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में बनने वाली फ़िल्म गैंग्स ऑफ़ रायपुर का आज स्थानीय लोकायन भवन में प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक सतीश जैन, अलक राय , अमित जैन के मुख्य आतिथ्यमें फ़िल्म के नाम (टाइटल) की घोषणा की गई। फ़िल्म के निर्माता साजिद खान एवं निर्देशक के. शिव कुमार नें संयुक्त रूप से बताया कि गैंग्स ऑफ रायपुर एक काल्पनिक क्राईम ड्रामा है, जो की रायपुर शहर में हो रहे तमाम अपराधो से प्रेरित है, जिसका नाटकीय रूपांतरण इस फ़िल्म में दिखाई देगा । उन्होंने बताया कि यह फ़िल्म संभवतः 2024 की गर्मियो में देश एवं प्रदेश के सिनेमाघरो,मल्टीप्लेस में एक साथ रिलीज़ होगी। फ़िल्म के निर्देशक के.शिव कुमार व निर्माता साजिद खान(फ़िल्म निर्माण) में डेब्यू करेंगे । छत्तीसगढ़ सिनेमा इंडस्ट्री में और मेकर्स को फुल गारंटी भी देंगे की फ़िल्म में दर्शको को भरपूर बेहतरीन ड्रामा, एक्शन, इमोशन, कॉमेडी और रोमान्स के जरिये अपने चहेते दर्शको के लिए बेहतर मनोरंजक फ़िल्म बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कहानी के रिर्सच में डायरेक्टर के. शिव कुमार व उनकी टीम 2021 से जुटी रही । उनके टीम मेम्बर्स में विनोद कुमार केमरामेन चेन्नई से है, जो कि तमिल सिनेमा में कई सालो से काम कर रहें है, और मयंक रैकवार एक कुशल एडिटर है, जो की मुम्बई के एक नामी प्रोडॅक्शन हॉउस में हॉलीवुड की कुछ फिल्मों के लिए (विएफ़्अक्स) व एडिटिंग का काम कर चुके हैं । इस फ़िल्म के कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 से 18 जनवरी को मोर माटी ऑफिस में 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच रखा गया है 7 पहली बार छालीवुड की गालियों में गैंगवार होते देख दर्शक रोमांच से भर जायेंगे।

# विप्र आयोग के गठन की मांग



**रायपुर, 4 जनवरी।** सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया व बधाई दी। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, युवा मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक पांडे, सांस्कृतिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, कर्मचारी मंच के संभागीय महासचिव दिनेश शर्मा, सौरभ पांडे सहित पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि प्रदेश के विकास में समाज उनके साथ है । राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में विप्र आयोग के गठन की मांग की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26